साप्ताहिक
# राष्ट्रीय जनभावना
RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020
वर्ष-12, अंक-26
इन्दौर सोमवार 26 मई से 1 जून 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.
प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com



लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वें जयंती वर्ष पर शत्-शत् नमन।

## न्यूज़ ब्रीफ

### राजसमंद में स्लीपर बस पलटी, 3 की मौत

**राजसमंद।** राजसमंद में तेज रफ्तार स्लीपर बस पलटने से 3 लोगों की मौत हो गई। 15 से ज्यादा सवारी घायल हुई हैं। हादसा शनिवार सुबह भावा बस स्टैंड के पास हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को आर के हॉस्पिटल में एडमिट कराया है। इससे पहले बस को क्रेन की मदद से सीधा किया गया। बस एक निजी ट्रैवल कंपनी की है और अहमदाबाद से भीलवाड़ा जा रही थी। कांकरोली थाना के सीआई हंसाराम ने बताया- बस पलटने का प्रारंभिक कारण ड्राइवर को झपकी आना बताया जा रहा है। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के जांच अधिकारी की मौत

**लुधियाना (एजेंसी)।** मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के हत्या की जांच करने वाले जांच अधिकारी रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई है। शुक्रवार को उनकी मानसा कोर्ट में पेशी थी लेकिन इसी दिन बीमारी से उनके निधन की खबर आई। उन्हें लुधियाना के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई की तारीख जुलाई महीने में तय कर दी। बता दें कि 29 मई 2022 को मानसा के जवाहरके में सिद्धू मूसेवाला की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी।

### नहीं रहे



### अभिनेता मुकुल देव

**मुंबई, (एजेंसी)।** हिंदी और पंजाबी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता मुकुल देव अब हमारे बीच नहीं रहे। 54 वर्ष की उम्र में उन्होंने बीती रात अंतिम सांस ली। वे बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन की पुष्टि अभिनेता विंदू दारा सिंह ने एक बातचीत के दौरान की है, जिन्होंने उनके साथ फिल्म सन ऑफ सरदार में काम किया था। शानदार अभिनेता मुकुल देव के निधन की खबर से फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।

### रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के पीछे यूक्रेन का हाथ है

**मास्को।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑरबान ने आरोप लगाया है कि रूसी ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने की यूरोपीय नीति के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इससे यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है, जो सिर्फ यूक्रेन के हित में है। श्री ऑरबान ने शुक्रवार को हंगरी के कोसुथ रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पूरे रूसी ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिबंध की नीति के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने इसे 'यूक्रेनी ऊर्जा खतरा' करार दिया और कहा कि यूक्रेन यूरोप से ऐसी मांगें कर रहा है, जो यूरोप और हंगरी के परिवारों को नुकसान पहुंचाएंगी।

## डबल इंजिन की सरकार का फायदा आम जनता को मिलना सुनिश्चित करे -प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। पीआईबी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में एनडीए मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की ।





उन्होंने विकास की गति में और तेजी लाने तथा डबल इंजन की सरकार का लाभ आम लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। नई दिल्ली में एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में हिस्सा लिया, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न राज्यों ने जल संरक्षण, शिकायत निवारण, मजबूत प्रशासनिक संरचना, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, खेल एवं अन्य विषयों सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने सर्वोत्तम तौर-तरीकों पर प्रस्तुतियां दीं। इन अनुभवों को सुनना बहुत अद्भुत था। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि÷मैंने देश के विकास की गति में और तेजी लाने की आवश्यकता पर बल दिया और यह सुनिश्चित किया कि डबल इंजन की सरकार का लाभ आम लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचे। स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी एवं अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने के बारे में बात की।÷

## जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये – राज्यपाल

**भोपाल ।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल को खत्म करने के लिए स्क्रीनिंग के बाद जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार जिले में 12 लाख लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें से लगभग 25 सौ लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। सिकल सेल पॉजिटिव आपस में विवाह नहीं करें, इसकी समझाइश दी जानी चाहिए। यह बात राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिये चलाए जा रहे अभियान के कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का आयोजन धार जिले में जागरूकता अभियान के तहत किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ÷मन की बात÷ कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी अतिथियों और आमजन द्वारा किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि





उन्होंने जन औषधि केंद्रों पर आयुष विभाग के माध्यम से दवाइयों की उपलब्धता कराई गई है। उन्होंने पॉजिटिव पाए गए लोगों से नियमित दवाई लेने और व्यायाम करने, सुपाच्य भोजन करने, ठंडे पानी से नहीं नहाने और अधिक मात्रा में पानी पीने की समझाइश दी। उन्होंने सभी स्टोर्स पर दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टर्स द्वारा जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल के क्षेत्र मे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी को सराहा। राज्यपाल ने सभी लोगों से उसका अवलोकन करने का आग्रह भी किया। उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने बताया कि राज्यपाल द्वारा शुरू किया अभियान मे आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से भी सिकल सेल के उन्मूलन का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान को छात्र-छात्राओं के बीच भी चलाया जाएगा प्रदेश को 2047 तक इस बीमारी से पूर्णतः मुक्त करने का संकल्प लिया गया है। केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री श्री डीडी उइके ने राज्यपाल की सराहना करते हुए कहा कि वे इस बीमारी की वेदना को समझते हुए पूरे प्रदेश में इसके उन्मूलन के लिए कार्य कर रहे हैं, विशेषतः जनजातीय वर्ग के सर्वांगीण विकास की दिशा में। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप धार जिले में घर-घर जाकर सिकल सेल स्क्रीनिंग का कार्य किया गया है।



## तय समय से 8 दिन पहले केरल पहुंचा मानसून

### यह 16 साल में सबसे जल्दी; 28 राज्यों में आंधी-बारिश और गर्मी का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसून ने शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय 8 दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। 2024 में यह 30 मई को केरल पहुंचा था। दक्षिण-पश्चिम मानसून चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा। इसके आज ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में भी पहुंचने की संभावना है। वहीं, एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों को कवर कर सकता है। 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत तक पहुंचेगा। आम तौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास वापस लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के प्राचुआप खीरी खान प्रांत में शनिवार को एक पुलिस हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पुलिस का बेल 212 हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण मिशन पर था और स्थानीय समयानुसार दोपहर अपराह्न एक बजे विंग 5 एयर फोर्स बेस के पास यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### PAK सरकार का जोरदार विरोध, खून बहाने की धमकी देने वाले ? , बिलावल की

## बहन को प्रदर्शनकारियों ने बीच सड़क पर घेर कर लाठी-डंडों से पीटा

**इस्लामाबाद।** नेशनल असेंबली की सदस्य और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की बेटी असीफा भुट्टो जरदारी को लेकर जा रहे काफिले को जामशोरो टोल प्लाजा के पास प्रदर्शनकारियों ने कुछ देर के लिए रोक दिया, जब वह कराची से नवाबशाह जा रही थीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुस्साए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने काफिले को रोक दिया और विवादास्पद नहर परियोजना और कॉर्पोरेट खेती की पहल के खिलाफ नारे लगाए। कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर काफिले में शामिल वाहनों पर अपने हाथों और डंडों से हमला किया, जिससे राजमार्ग पर तनाव की स्थिति पैदा हो गई। हैदराबाद और जमशोरो पुलिस के साथ काफिले के साथ मौजूद सुरक्षा दल ने तुरंत कार्रवाई की। आसिफा भुट्टो के वाहन को बिना किसी घटना के घटनास्थल से सुरक्षित निकाल लिया गया। एसएसपी जमशोरो जफर सिद्दीक ने पुष्टि की कि काफिला एक मिनट से भी कम समय के लिए



## चित्रकूट में 750 करोड़ के फंड का घोटाला, कांग्रेस ने लगाए आरोप

**भोपाल ।** भोपाल में कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि चित्रकूट में विकास और नमामि गंगे परियोजना के नाम पर दिए गए करोड़ों रुपए गलत तरीके से खर्च किए गए हैं। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सरकार ने चित्रकूट विकास प्राधिकरण को 750 करोड़ रुपए दिए थे, लेकिन इनका सही उपयोग नहीं हुआ। नायक ने बताया कि 37 करोड़ रुपए खर्च कर एक सामुदायिक भवन बनाया गया, ताकि वहां सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हो सकें। लेकिन यह भवन ऐसी जगह बनाया गया जो संस्थान की जमीन से दूर है। अब वहां कोई कार्यक्रम नहीं होते, बल्कि वह जगह नशा करने वालों का अड्डा बन गई है। उन्होंने बताया कि चित्रकूट में 47 एकड़ में बने आरोग्यधाम को आयुर्वेद रिसर्च सेंटर के तौर पर तैयार किया गया था।



## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आत्मिक मुलाकात की दो दिवसीय दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त कर विचार और दूरदर्शिता से विकसित भारत, विकसित मध्यप्रदेश÷ के संकल्प को सुदृढ़ता मिली है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी से मुलाकात मेरे लिए सदैव असीम ऊर्जा का स्त्रोत एवं जनसेवा के ध्येय की सिद्धि के लिए दृढ़ता प्रदान करती है।

## जल्द ही उद्धव और राज ठाकरे साथ आएंगे

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी मराठी लोगों की खातिर राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के साथ गठबंधन को लेकर सकारात्मक है। अलग-थलग पड़े चचेरे भाई राज और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पिछले महीने संभावित सुलह के बारे में अटकलों को हवा दी थी, जिसमें संकेत दिया गया था कि वे कुछ मुद्दों को नजरअंदाज कर सकते हैं और मराठी मानुस (मराठी भाषी लोगों) के व्यापक हित में हाथ मिला सकते हैं। लगभग दो दशक पहले दोनों के बीच कड़वाहट भरी जुदाई हुई थी।



## पाक सैनिक की पत्नी ने हनीट्रैप में फंसाया

**वाराणसी (एजेंसी)।** वाराणसी में पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद तुफैल की कुंडली खंगालने में जुटी अस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं। तुफैल के मोबाइल का बैकअप अब पुलिस-ATS के लिए सबसे मजबूत आधार बनेगा। उसकी चैट से ATS ने लगभग 70% डेटा रिकवर कर लिया है। इससे सूचनाओं के बड़ी संख्या में भेजे जाने का जिक्र है।

## मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयासः मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में मन की बात के 122वें संस्करण का किया श्रवण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रवासियों से निरंतर संवाद के माध्यम मन की बात के 122वें संस्करण का नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्रवण किया।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्रसेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्रसेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में बताया कि पिछले वर्षों में मधुमक्खी पालन क्षेत्र में भारत में एक क्रांति हुई है। आज से 10-11 साल पहले भारत में वार्षिक शहद उत्पादन 70-75 हजार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन के आसपास हो गया है। इस तरह शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आहवान किया कि प्रधानमंत्री के एकता के सूत्र में पिरोने वाले मन की बात कार्यक्रम के प्रेरणादायी संवाद से जुड़कर सशक्त भारत की दिशा में कदम बढ़ाएं।



## संपादकीय

# रिजर्व बैंक से डिविडेंड वसूल कर रही है, सरकार ?



*केंद्र सरकार ने एक बार फिर भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) से 2.69 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक डिविडेंड वसूल किया है। यह अब तक की सबसे बडी डिविडेंड की राशि है जिसका ट्रांसफर रिजर्व बैंक सरकार को कर रहा है। रिजर्व बैंक में जमा सोने का भंडार और विदेशी मुद्रा की कीमत बढ़ जाने से सरकार ने इसे रिजर्व बैंक का मुनाफा मान लिया है। सवाल यह है, यह डिविडेंड रिजर्व बैंक का असल लाभ का नतीजा है,या बाजार में कीमत बढ़ने से सोने एवं विदेशी मुद्रा भंडार का जो मूल्यांकन बढा है। बाजार में सोने और डॉलर की कीमत चढ़ती और उतरती रहती है। आज जो मुनाफा दिख रहा है। कल वह घाटे में भी बदल सकता है। सरकार ने मूल्य वृद्धि को मुनाफा मानकर अपना डिवीडेंड रिजर्व बैंक से ले लिया। भविष्य में यदि घाटा होगा, तो नुकसान रिजर्व बैंक का होगा। रिजर्व बैंक कोई कंपनी नहीं है। रिजर्व बैंक कोई व्यापार भी नहीं करता है। एक नियामक संस्था है, उसके पास जो संपत्तियाँ हैं। जैसे विदेशी मुद्रा भंडार, सोने का भंडार वह किसी व्यापार या विक्रय की कमाई से नहीं आया है। बाजार में मूल्य परिवर्तन से उसका मूल्यांकन साख के रूप में होता है। रिजर्व बैंक में जमा सोना और विदेशी मुद्रा भंडार से अंतरराष्ट्रीय साख बनती है। उसी साख के आधार पर वैश्विक संस्थाओं द्वारा रिजर्व बैंक की आर्थिक स्थिति का मूल्याकन किया जाता है। रिजर्व बैंक में जमा गोल्ड रिज़र्व की वैल्यू पिछले साल 80 बिलियन थी। जो इस साल बढ़कर .100 बिलियन हो गई। सोने की सिर्फ कागज़ पर कीमत बढ़ी है। सोने की बिक्री नहीं हुई है। रिजर्व बैंक में जमा डॉलर की वैल्यू बढ़ी है। रुपये के मुकाबले 78-79 से बढ़कर 85-86 रुपया डॉलर का मूल्य हो गया है। जिससे विदेशी मुद्रा भंडार की वैल्यू कागज़ पर बढ़ी है। इस बढ़े हुए मूल्य को केंद्र सरकार ने मुनाफा मानकर रिजर्व बैंक से डिविडेंड मांग लिया। वास्तव में रिज़र्व बैंक की बैलेंस शीट का वर्तमान प्रचलित मूल्य पर यह री-वैल्यूएशन है। जिसे सरकार मुनाफा मान रही है। रिजर्व बैंक का जमा यह फंड भविष्य के संकटों, मुद्रा स्थिरता और बैंकिंग प्रणाली की सुरक्षा के लिए रिजर्व बैंक के पास अभी तक सुरक्षित रहता आया है। केंद्र सरकार की यह प्रवृत्ति चिंताजनक है।*

# विकसित भारत का सपना विकसित राज्यों के माध्यम से साकार हो सकता है: प्रधानमंत्री

**प्रत्येक राज्य, जिला और गांव को 2047 तक विकसित भारत की दिशा में काम करने का संकल्प लेना चाहिए ताकि विकसित भारत -2047 को साकार किया जा सके**






### प्रधानमंत्री ने भारत की नारी शक्ति की विशाल ताकत पर जोर दिया

### बैठक में 24 राज्यों और 7 केन्द्र शासित प्रदेशों ने भाग लिया

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें 24 राज्यों और 7 केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों ने भाग लिया। इस वर्ष का विषय था विकसित भारतञ्च2047 के लिए विकसित राज्य। बैठक की शुरुआत पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में एक मिनट के मौन के साथ हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर भारतीय की आकांक्षा है कि देश विकसित भारत बने। यह किसी पार्टी का एजेंडा नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि यदि सभी राज्य इस लक्ष्य के लिए मिलकर काम करें तो हम शानदार प्रगति करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हर राज्य, हर शहर, हर गांव का विकास किया जाएगा और फिर 2047 से बहुत पहले विकसित भारत हासिल कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है और 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकल आए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को इस बदलाव की गति को बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने राज्यों को अपनी विनिर्माण शक्तियों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने विनिर्माण मिशन की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक निवेशक भारत में काफी रुचि रखते हैं। उन्होंने राज्यों को इस अवसर का उपयोग करने और निवेश के लिए इसे आसान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। यूएई, यूके और ऑस्ट्रेलिया के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि राज्यों को इसका अधिकतम उपयोग करना चाहिए। कौशल विकास पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एनईपी में शिक्षा और कौशल पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्यों को विभिन्न कौशलों के लिए योजना बनानी चाहिए जो एआई, सेमीकंडक्टर, 3डी प्रिंटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों से जुड़े हों। उन्होंने कहा कि हम अपने जनसांख्यिकीय लाभांश के कारण दुनिया की कौशल राजधानी बन सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कौशल विकास के लिए भारत सरकार ने 60,000 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी है। राज्यों को कौशल विकास को बढ़ाने के लिए आधुनिक प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और ग्रामीण प्रशिक्षण केन्द्रों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने साइबर सुरक्षा को चुनौती के साथ-साथ अवसर भी बताया। उन्होंने हाइड्रोजन और हरित ऊर्जा को अपार संभावनाओं और अवसरों के क्षेत्र के रूप में रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन ने भारत को वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में पहचान दिलाने में मदद की है, लेकिन राज्यों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने राज्यों से वैश्विक मानकों और अपेक्षाओं के अनुरूप कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में ऐसे 25-30 पर्यटन स्थल बनाए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। उन्होंने राज्यों से शहरों को स्थिरता और विकास का इंजन बनाने को कहा और उनसे टियर 2 और टियर 3 शहरों पर ध्यान केन्द्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नये उद्यम की स्थापना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का शहरी चुनौती कोष बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत की नारी शक्ति की विशाल ताकत पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं के लिए कानून बदलने का आग्रह किया ताकि वे विकास की राह पर चल सकें। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाओं के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में सुधार होने चाहिए, जिसमें उनके काम करने की सुविधा पर ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने राज्यों को जल संकट और बाढ़ से निपटने के लिए नदियों को आपस में जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बिहार की सराहना की जिसने हाल ही में कोसी-मोची कनेक्शन ग्रिड शुरू किया है। उन्होंने आकांक्षी जिला कार्यक्रम की भी सराहना की जो सामूहिक प्रयासों से सफल रहा है।

### मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार संकल्पित: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता मे नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक में भाग लिया। यह बैठक 'विकसित राज्य फॉर विकसित भारत ञ्च2047' थीम पर केंद्रित रही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के विजन से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में शामिल होकर प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन प्राप्त किया और इसे भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

# जी हाँ ! मैं असहाय हूँ !!



कौन हूँ मैं ?

इस मैं मे सिर्फ मैं नही हूँ, इस मैं में हम भी हैं, इस मैं में तुम भी हो, इस मैं में आम भी है, इस मैं में खास भी है, इस मैं में समाज भी है उसके ठेकेदार भी है, इस मैं मे प्रशासन भी है और सरकार भी है यह मैं अनंत है और इसकी कमजोरियों का कोई अंत नहीं।।

एक विकासशील भारत से विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों के नीचे विभत्सता के ऐसे अमानवीय अपराधों के खूनी निशां और दरिंदगी की सारी सीमाएं लाँघती हुई इन बेखौफ़ असमाजिक तत्वों की हैवानियत से रचित ये बदसूरत तस्वीर यदि है तो नही बनना मुझे विश्वगुरु।।

खंडहरो की शांति बता रही है की जीवन खत्म हो चुका है, कुचले हुए जिस्मो मे आत्माएं सिसक रही है,। कि ज़मी पर दूर दूर तक प्रेत आत्माएं भी आने से डरेंगी , इतनी भयानक त्रासदी हवा के परिंदो ने भी देखी है इंसानो के साथ साथ। । खबरे तो अखबारों मे , टीवी मे बहुत पढ़ी और देखी कि कब ,कहाँ ,कैसे , किसने और किसके साथ क्या किया । पर अफ़सोस कभी ऐसे असुरों का अंजाम ना सुन पाये ना देख पाये।। हमारी लाचार और पंगु हो चुकी न्याय व्यवस्था अपने वजूद की हस्ती के लिए गुहार लगाती देखी जा सकती है। सबसे ऊपर आज का वर्तमान ओ टी टी प्लेटफॉर्म जो बिना किसी सेंसर के कम उम्र के युवा होते समाज को बाल्यावस्था से सीधा यौवनवस्था मे गलत मानसिकता लेकर भेज रहा है , जहाँ संवाद चुनना पड़ते है गालियों के बीच मे से एसे मॉडर्न समाज को हम सभी मुस्कराते हुए सहज स्वीकार कर रहे हैं।। हाँ ये मे भी हूँ और ये आप भी हैं जो इस वक्त पढ़ रहे हैं, क्या आप रोक पाए हैं अपने बच्चों को ।

!!संस्कार ही अपराध रोक सकते हैं सरकार नहीं !!

**सचिन वर्मा**

## दो नैना




दो हद से ज्यादा नैन मुखर तब सारी रात जगाते हैं  
जब बेतरतीबी धड़कन की द्रुत  
लय में बढ़ती जाती है  
फिर हौले हौले से मन की हर  
दूरी घटती जाती है  
जब बर्फ पिघलकर साँसों मे  
बरबस भूभल दहकाते हैं  
दो हद से ज्यादा नैन मुखर तब सारी रात जगाते हैं  
जब मुंदी पलक में वो प्रेमिक एक छंद मिलन का गढता है  
भाषा के गौण धरातल पर अनुराग ह्रदय में धरता है  
जब भाव सगर की लहरों पर अभिराम कुसुम मुस्काते हैं  
दो हद से ज्यादा नैन मुखर तब सारी रात जगाते हैं  
जब मन के अभ्यंतर तल पर एक चपल हास छा जाता है  
ईवा के अंतर कोरों पर अपरिमित प्यास जगाता है  
असह्य विरह सागर में जब हिचकी के स्वर उपलाते हैं  
दो हद से ज्यादा नैन मुखर तब सारी रात जगाते हैं

**-कंचन पाठक.**  
**कवियित्री, लेखिका**

इ

# अहिल्यादेवी होल्कर का शासनकाल दुनियाँ के लिये मिशाल



मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक इंदौर के होल्कर राजवंश के महल राजवाडा मे 20 मई को आयोजित हुई। राजवाड़ा मे बैठक के पीछे सरकार का संदेश लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती को यादगार एवं चिरस्थाई बनाना रहा है। प्रजातंत्रिक ढंग से चुनी गयी मोहन यादव सरकार ने एमपी की राजधानी भोपाल मे बने विधानसभा भवन की बजाय इंदौर के राजवाड़ा मे सरकार की एक दिवसीय बैठक का राजशाही अंदाज मे आयोजन किया। इस हेतू इंदौर के राजवाड़ा मे मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की बैठक उसी प्रकार सजाई गयी जैसे राजवाड़ा पर राजा महाराजा के समय हुआ करती थी। असल मे इस बैठक के पीछे लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर को याद करना था। उनके लोकहितार्थ किये कार्यो को याद करना था। परम शिवभक्त अहिल्याबाई होल्कर का सम्पूर्ण जीवन सादगी, गरिमा और संघर्ष की मिशाल रहा है। उनका शासनकाल जनहित और लोकमंगल का प्रमाण है। उन्होंने अपने राज्य मालवा मे उत्कृष्ट कार्य किये अपनी सीमा से बाहर भी जनहित के कार्य किये। उनका शासन मालवा राज्य का स्वर्णिम काल रहा है। अहिल्या बाई एक साधारण परिवार मे जन्मी असाधारण महिला थी। अपने लोकमंगल के कार्यो से समाज ने उन्हें देवी अहिल्या का दर्जा दिया। अहिल्या बाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी ग्राम मे हुआ था। उनके पिता का नाम मानको जी शिंदे था। वे खेतीबाडी करते थे,अहिल्या बाई अपने पिता की एकमात्र संतान होने से परिवार मे उनके प्रति अपार स्नेह था। अहिल्या बचपन से ही शिव की परम भक्त थी, ईश्वर पर उनका अटूट विश्वास था। ईश्वर पर उनका विश्वास जीवनपर्यन्त कायम रहा। उनका विवाह मालवा के शासक मल्हारराव होल्कर के पुत्र खाण्डेराव होल्कर से हुआ। उन्होंने अपनी सरलता से ससुराल वालों का दिल जीत लिया। सब उन्हें बहुत स्नेह करते थे, उनकी दो संताने हुई। पुत्र का नाम मालेराव एवं पुत्री का नाम मुक्ताबाई था। उनके जीवन मे परिवार का सुख अधिक नहीं रहा। भरतपुर युद्ध मे खाण्डेराव वीरगति को प्राप्त हो गए। अहिल्याबाई युवा अवस्था मे ही विधवा हो गयी, उन्होंने रंगीन वस्त्र त्याग दिए सफ़ेद वस्त्र धारण करने का निर्णय लिया। ससुर मल्हारराव, पुत्र मालेराव एवं पुत्री मुक्तबाई भी असमय काल कलवित हो गए अहिल्या बाई ने इस विपरीत समय मे विचलित होने के बजाय, धैर्य और संयम से अपने आप को संभाला मालवा राज्य की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया।

अहिल्या बाई ने एक शासक रहते हुए अनेकों परोपकारी कार्य किये अपने राज्य के आलावा अन्य राज्यों मे उनके किये कार्य अब भी दिखाई देते है। उन्होंने तीर्थ क्षेत्रों मे घाट, कुएँ, बावड़ियों, धर्मशालाओं, आश्रमों, अन्न क्षेत्रों, एवं प्याऊ का निर्माण कराया। इनमे वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, गया, द्वारिका, सोमनाथ, बद्रीनारायण, रामेश्वरम आदि सम्मिलित है। उन्होंने नदियों पर



बने घाटों पर महिलाओं के स्नान की पृथक व्यवस्था कराई जिससे महिलाए सुरक्षित वातावरण मे स्नान कर सके। तीज त्योहारों, उत्सवों पर वें मन्दिरों को दान देती थी। छोटे से ग्राम इंदौर को एक विकसित नगर बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक महिला होने के नाते उनका तत्कालीन समय मे महिलाओं की स्थिति को लेकर विशेष ध्यान था, महिला शिक्षा को लेकर उन्हें चिंता थी। उनका मानना था की शिक्षित महिला परिवार और देश को आगे बढ़ाने मे मददगार शाबित होती है। महिला शिक्षा हेतू उन्होंने व्यापक प्रबंध किये। महिलाओं की स्थिति को लेकर उनकी चिंताओं के कारण ही विधवा महिलाओं के निसंतान रहने पर उसके पति की सम्पति राजकोष मे जमा करने के क़ानून मे संशोधन करते हुए विधवा महिलाओं को पति की सम्पति मे अधिकार देने वाला क़ानून बनाया। उन्होंने किसानों के लगान को कम किया, किसानों को मजबूत और खेती को उन्नत करने के लिये काम किया। उद्योगो से रोजगार मिलता है, राज्य समृद्ध और उन्नतिशील होता है। यह सोच उनके जहन में थी। उन्होंने नर्मदा तट पर स्थित महेश्वर को राजधानी बनाया और इसे धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप मे विकसित किया। यहां उन्होंने अहिल्या किला, नर्मदा घाट, अहिलेश्वर मंदिर, न्याय सभा, और पाटेश्वर तीर्थ का निर्माण कराया। महेश्वर मे वस्त्र उद्योग की स्थापना उनकी व्यवसायिक दूरदृष्टि का उदाहरण है, एक समय यह उद्योग विश्व प्रसिद्ध था, जो बुनकरों की जीविका का महत्वपूर्ण साधन माना जाता था।

परम शिव भक्त अहिल्या देवी होल्कर ने अपनी राजकीय मुद्रा मे भगवान शिव, शिव वाहन नंदी, बैल पत्र के प्रतिको को अंकित कराया। उनके शासनकाल में राजाज्ञाओं पर श्री शंकर आज्ञा लिखा रहता था। उनका यह स्पष्ट मत था की सत्ता मेरी नहीं है, सम्पत्ति भी मेरी नहीं है, जो कुछ है भगवान का है। समाज भगवान का प्रतिनिधि है और सारी सम्पदा समाज की है। इतिहासकार सर यजुनाथ सरकार ने अहिल्या बाई होल्कर के बारे मे लिखा वें उच्च श्रेणी की कूटनीतिक थी, उनकी लोक सेवा और दानशीलता संकीर्ण धार्मिकता नहीं थी, अपितु मूल्यों की स्थापना के स्थाई केंद्र थे।% देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने दैवी अहिल्या बाई के संबंध मे अपनी पुस्तक भारत एक खोज मे लिखा मध्य भारत मे अहिल्या देवी का शासन 30 बरसो तक चला। इस काल मे उत्तम व्यवस्था बनी लोगो तक समृद्धि पहुंची। वें बहुत कुशल शासक थी। उनकी मृत्यु के पश्चात कृतज्ञ लोगो द्वारा उन्हें एक संत के रूप में माना गया।

अब जबकि राष्ट्र अहिल्या देवी होल्कर को याद कर रहा है, एमपी की मोहन यादव सरकार ने उनके 300 वें जन्मोंउत्सव के अवसर पर होल्कर राजघराने के इंदौर स्थित राजवाड़ा पर कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया। तब लगा की सरकारों को अहिल्याबाई के कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। शासनकर्ता अपनी प्रजा को सब अभावों से मुक्त करता है। अहिल्याबाई की प्रजा के प्रति अपनाई नीति को सरकारों की कार्यप्रणाली में शामिल होना चाहिए। न्याय सबको मिले इस पर सबका समान हक है। जनहित के कार्यों मे लालफीताशाही से परेशान प्रदेश की जनता को निजात दिलाना, किसानों की फसलों का उचित भाव मिलना, प्रदेश के नगरो मे उद्योग धंधो के विकास की योजनाएँ बनाकर उन्हें ईमानदारी से क्रियान्वयन करना, महिलाओं की स्थिति मे सुधार करना, गरीब, शोषित वँचित लोगो के विकास की योजनाएँ बनाना उन्हें जमीन पर उतारना, जनहित और लोककल्याण के कार्यो मे सरकारी सिस्टम का ईमानदार होना आवश्यक है। भष्ट्राचार मुक्त शासन को अमलीजामा पहनाकर ही धर्मनिष्ट शासक अहिल्या दैवी होल्कर के कार्यों और लोकसेवा को सच्चे मन से याद किया जा सकता है। अहिल्या बाई का शासन काल दुनियाँ मे मिशाल के तौर पर सदियों याद किया जाएगा।

**नरेंद्र तिवारी, स्वतंत्र लेखक**  
**7, शंकर गली मोतिबाग**  
**सेंधवा जिला बड़वानी मप्र।**  
**मोबा-9425089251**

# अंतरराष्ट्रीय कॉल कर ब्लैक मेल करने वाला पकड़ाया

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** अंतरराष्ट्रीय कॉल कर ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को खजराना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने जल्दी पैसा कमाने की गरज से ब्लैकमेंलिंग का जाल बिछाया था। 28 अप्रैल को फरियादी अब्दुल रहीम खान पिता अब्दुल मलिक उम्र 50 साल निवासी पाकीजा लाईफ स्टाईल खजराना को किसी अजात व्यक्ति द्वारा वाट्सअप पर अलग अलग अंतराष्टीय नंबरों से कॉलिंग एवं मैसेजेस के माध्यम से पैसों की मांग कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा था। खजराना पुलिस ने शिकायत बाद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। जोन 2 के एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह एवं एसीपी कुंदन मंडलोई द्वारा थाना प्रभारी खजराना मनोज सिंह सेंधव द्वारा एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई जिसमें सोशल प्लेटफार्म का गलत उपयोग करने वाले आरोपी की शिनाख्त की गई। विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपी द्वारा .63 सीरीज वाट्सएप पर भेजे गये जान से मारने की धमकी देकर रुपये की माग करने वाले करीबन 15 नम्बर से भेजी गई वाट्सएप नम्बर की फरियादी ने जानकारी निकाली। तकनीकी सहायता के उपयोग से सभी अंतरास्ट्रीय नंबरों का उपयोग करने वाले आरोपी का आई पी एड्रेस सहित कैफे रिपोर्ट की जानकारी ली गई। जिसमें सिम धारक का नाम मिकाइल शेख पिता इजरायल शेख निवासी बाबा की बाग कॉलोनी खजराना का पाया गया तत्पश्चात थाना प्रभारी सेंधव द्वारा तुरंत टीम बनाकर उक्त पते पर रवाना किया जहां से आरोपी मकान बेचकर कही और चला गया था। मुखबिरों को सक्रिय किया गया तो पता चला कि मिकाइल शेख 367 पाकीजा ग्रीन पार्क में रह रहा है। पुलिस ने वहां छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## सिगरेट नहीं तो मार दिया पत्थर

**इंदौर।** होटल संचालक के साथ आरोपी ने सिगरेट नही देने पर हमला कर दिया। आरोपी ने पहले तो ठंडे पानी के बोतल होटल संचालक पर डाल दी और फिर पत्थर मारकर चोट पहुंचाई। छोटीग्वालटोली पुलिस के मुताबिक घटना चौरसिया रेस्टोरेन्ट यशवन्त टी चौराहे छोटी ग्वालटोली की हैं। राकेश पिता बालकिशन चौरसिया निवासी नेहरू नगर की शिकायत पर टोनी पुरोहित निवासी एलआईजी के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं। फरियादी ने बताया कि मैं होटल पर था कि तभी मेरे घर के पास रहने वाला सोनू पुरोहित चाय-सिगरेट पीने के लिए मेरी दुकान पर आया । टोनी मुझसे चाय व सिगरेट मांगने लगा मैने चाय व सिगरेट देने से मना किया तो मेरे सिर पर ठण्डे पानी की बाटल ढोल दी और गालियां देने लगा। मैने गालियां देने से मना किया तो मुझे पत्थर मार दिया जिससे मेरे पेट पर चोट लगी।

## किराए पर ली गाड़ी गिरवी रख दी

**इंदौर।** किराए पर गाड़ी लेने के बाद आरोपी ने उसे गिरवी रख दिया। इतना ही नहीं गाड़ी में लगा जीपीएस भी निकाल दिया, जिससे लोकेशन ट्रेस न हो। मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। विजयनगर पुलिस के मुताबिक नादिया नगर निवासी सन्नी रायकवार की शिकायत पर कमलेश पाटीदार निवासी मिजार्पुर जिला धार के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया हैं। फरियादी ने बताया कि मैने अपनी गाडी आरोपी कमलेश पाटीदार को गत 6 दिसम्बर 2024 से 12 माह की अवधि के लिए 800 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराये पर चलाने को दी थी। गाड़ी ले जाने के बाद कमलेश ने गाड़ी का जीपीएस बंद कर दिया और हम जब आखिरी लोकेशन पर पहुंचे तो हमें पता चला कि कमलेश ने किसी को 2 लाख रुपए में हमारी गाड़ी गिरवी रख दी है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### शादी के बाद मिला धोखा ...

## सवा लाख नकदी और जेवर ले गई लुटेरी दुल्हन

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एक युवक को शादी के बाद धोखा मिल गया। दरअसल जिस लड़की को उसने अपनी जीवन संगीनी बनाया था, वह लुटेरी दुल्हन निकली जो सवा लाख रुपए, जेवर और कपड़े ले गई। उसकी शादी कुछ दिन पहले ही हुई थी। दो युवकों ने शादी कराई थी। फरियादी जितेंद्र पिता कैलाश गोयल निवासी चंदन नगर ने मामले में लुटेरी दुल्हन मुस्कान पिता प्रेमसिंह ठाकुर निवासी ग्राम बड्डा संजय कॉलोनी सागर, शिवा निवासी इंदौर और करन पिता रामाजी निवासी ग्राम हाट पिपलिया जिला देवास की शिकायत चंदन नगर पुलिस थाने में की है। शिकायत में कहा कि 9 अप्रैल को मेरी शादी मुस्कान ठाकुर से आर्य समाज मंदिर और कोर्ट में रजिस्टर्ड मैरिज के साथ हुई। शादी होने के बाद मुस्कान घर पर आ गई। फिर घर में समारोह के तहत खाना-पीना हुआ। खाने के बाद मैं और मुस्कान कमरे में चले गए थे, तभी मुस्कान ने कहा कि मेरी तबीयत खराब हो रही है। इसके बाद शुक्रवार रात सवा बजे वह वाशरूम का बोलकर भाग निकली। काफी देर तक वह घर नहीं लौटी तो आसपास तलाशा, मगर उसका कहीं पता नहीं चल सका। मुस्कान घर से एक लाख 21 हजार रुपए, चांदी का मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब, चांदी के कान के टॉप्स और कपड़े ले गई। जब मैंने उसके साथ शिवा और करण की तलाश की तो वह भी गायब हो गए थे। पुलिस की एक टीम मुस्कान की तलाश में सागर जाएगी। वहीं, शिवा और करन की भी तलाश की जा रही है।

### तनाव के चलते खाया जहर, मौत

## चार दिन से चल रहा था इलाज, परिजनों ने लगाए आरोप

**इंदौर (नसं)।** नौकरी से निकाले जाने के चलते तनाव में चल रहे एक व्यक्ति ने जहर खा लिया। चार दिन तक परिजन उसका उपचार कराते रहे, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों का आरोप है कि जिस फर्म में मृतक जितेंद्र काम करते थे, उसके मालिक और सीए ने पहले उनके नाम से और बाद में उनकी पत्नी के नाम से फर्जी फर्म खोलकर जीएसटी का गबन किया। साथ ही उनको नौकरी से भी निकाल दिया। इससे वह काफी परेशान रहने लगे थे। एरोड्रम थाना प्रभारी तरूण सिंह भाटी के अनुसार, सोमानी नगर निवासी जितेंद्र मालवीय 20 मई को जहरीला पदार्थ खाकर घर से निकले थे। रास्ते में सीने में दर्द हुआ, तो खुद ही अस्पताल पहुंच गए। बाद में परिजनों को पता चला तो वह भी अस्पताल पहुंच गए। उनका एमवाय और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में चार दिन इलाज चला,लेकिन जान नहीं बची। पुलिस ने पीएम बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों के लगाए गए आरोपों की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी बबीता ने आरोप लगाया है कि पहले पति के नाम से फर्म चलाई गई, जिसका इस्तेमाल व्यापार में किया गया। बाद में फर्म को बंद कर दिया गया, लेकिन जीएसटी के बिल अब भी उनके नाम से आ रहे थे। इसके बाद पत्नी के नाम से भी एक फर्म खोल दी गई, जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। न तो जीएसटी के बिल भरे जा रहे थे और न ही किसी प्रकार का कमीशन दिया जा रहा था। उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया तो वे परेशान रहने लगे थे। पुलिस का कहना है कि मामले में गंभीरता से हर बिन्दु पर जांच की जा रही है,यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म जयंती पर होंगे अनेक कार्यक्रम - नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा



**इन्दौर।** इंदौर जावरा कंपाउंड स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि , पुण्यश्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 भी जन्म जयंती पर बीजेपी नगर संगठन द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री सुमित मिश्रा ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई जी होलकर न सिर्फ हमारे शहर इंदौर की सशक्त महारानी थी, बल्कि इंदौर के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष की सबसे दूरदर्शी महिला शासक के रूप में जानी जाती थी। अहिल्या माता ने ही देशभर में मंदिरों एवं ज्योतिर्लिंगों के जीर्णोद्धार का नवाचार आज से सैकड़ो साल पहले करते हुए सनातन धर्म की रक्षा का बीड़ा उठाया था और विश्व भर में यह संदेश दिया था कि चाहे कोई कितने भी प्रयास कर ले लेकिन हमारा सत्य सनातन धर्म सदैव रहेगा और कोई इसे मिटा नहीं पाएगा।हम सब इंदौर वासियों के लिए यह काफी गौरव की बात है कि हम अहिल्या माता की नगरी के रहवासी हैं। लोक माता देवी अहिल्या बाई होलकर आज भले ही हमारे बीच नहीं हो लेकिन भारतीय जनता पार्टी चाहती है कि देश की हर महिला अहिल्या माता की तरह ही सशक्त और दूरदर्शी हो। देश की हर एक महिला सभी क्षेत्रों में आगे रहे क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भी यही विचारधारा है कि महिलाएं सशक्त होगी तो देश सशक्त होगा। पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के उपलक्ष में महिला सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए ही विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर 25 मई महिला सशक्तिकरण दौड़ व रंगोली प्रतियोगिता, 27 मई चित्रकला प्रतियोगिता, 28 मई नेटबॉल प्रतियोगिता, 28-29 मई जनप्रतिनिधि सम्मेलन, 29 मई श्री योगिनी अहिल्या महानाट्य, 30 मई भाषण प्रतियोगिता एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट, 31 मई शोभा यात्रा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आगामी सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। वहीं प्रत्येक वार्ड एवं मंडल में राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा के बैनर तले तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी ।इस बार शहर में एक नवाचार भी किया जा रहा है जिसमें इंदौर शहर के सभी वार्डो से महिलाएं शहर के 34 चौराहो पर यातायात का संचालन करेंगी। साथ ही 31 मई को शोभायात्रा भी निकल जाएगी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में पूर्व में भी कई कार्य किए गए हैं जिनकी प्रेरणास्त्रोत लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी ही रही है। चूंकि हम अहिल्या माता की नगरी इंदौर के रहवासी है इसलिए हमें अहिल्या माता के त्रिशताब्दी जयंती वर्ष को अविस्मरणीय बनाना है। इसी संकल्प के साथ मैं इंदौर शहर की सभी माताओ बहनों से आग्रह करता हूं कि वह सभी प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर शामिल हो। इसके साथ 85 वार्डो में स्वच्छता अभियान, कुए तालाब, बावड़ी जैसे जल स्त्रोतों का पुर्नजीवीकरण अभियान, साथ में 25 मई को प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर, वार्ड स्तर पर कार्यकर्ता सुनकर प्रेरणादायी कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता श्री आलोक दुबे नगर महामंत्री श्री सुधीर कोल्हे, मीडिया प्रभारी श्री रितेश तिवारी,सह मीडिया प्रभारी श्री नितिन द्विवेदी,कार्यक्रम संयोजक श्री प्रशांत बडवे, सहसंयोजक श्रीमती वृंदा गौड़, सुश्री नेहा शर्मा उपस्थिति रहे।





# 258 बल्क लीटर विदेशी शराब कंपनी, प्रदेश के बाहर की बड़ी फैक्ट्री

### एक टिपहिया वाहन भी जप्त, शराब की कीमत करीब 3 लाख रुपये

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश एवं सहायक आयुक्त आयुक्त अभिषेक तिवारी के निर्देशन में अवैध शराब माफिया के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में इन्फॉर्मर से मिली जानकारी के आधार



पर वृत राजमो हॉल के प्रमुख मनमोहन शर्मा ने प्रदेश के बाहर अवैध शराब का जखीरा फिल्मांकन में सफलता हासिल की है। डायमण्ड करोलबाग सोसाइटी में स्थित नितेश पिता श्री मुकेश के फ्लैट पर उनका फ्लैट और उनकी ऑटो स्कीम स्क09क्ष6408 में 23 पेटी बियर्स की और 2 पेटी विदेशी दुकानें बरामद हुईं। शराब और ऑटो को जप्त किया गया। ज़ैज़ शराब हाई रेंज का औसत कुल प्लांट 3 लाख रुपये है। नितेश पहले भी दो बार इसी तरह की प्रदेश के बाहर की अवैध शराब को लेकर यहां खपाने की बातें समझी जा चुकी हैं , युवाओं से पूछताछ की जा रही है , जिसमें कुछ और लोगों की सनसनीखेज बातें भी सामने आ सकती हैं। मध्य प्रदेश शैक्षणिक अधिनियम के विरोध में धारा 34(1) क , 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। जिसमें मुख्य सहायक सहायक बालमुकुंद गौड़ का विशेष योगदान रहा है । विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# महापुरुषों के जीवन पर आधारित पुस्तकें पढ़ें और प्रेरणा लें

## लहरी अंकल की कार्टूनशाला में प्रतिभागी बच्चों से बोले मुकेश तिवारी

इंदौर। पुस्तकें ज्ञानवर्धन के साथ आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन भी करती हैं। महापुरुषों और सफल लोगों की जीवनगाथा पर आधारित साहित्य और पुस्तकें पढ़ना चाहिए, इससे हमें अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा मिलती है।



यह बात विचार प्रवाह साहित्य मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने कही। श्री तिवारी इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित ख्यात कार्टूनिस्ट श्री इस्माइल लहरी की पांच दिवसीय कार्टूनशाला के चौथे दिन शनिवार को उपस्थित बच्चों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंदौर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस कार्टूनशाला की चर्चा सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं रहती है, बल्कि पूरे देश में होती है। प्रेस क्लब का बच्चों के लिए हर वर्ष यह आयोजन अनुकरणीय है। इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कार्टूनशाला में भाग ले रहे बच्चों की तारीफ की और कहा कि बच्चे उत्साह और तन्मयता के साथ इस आयोजन में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भाग ले रहे हैं। कोषाध्यक्ष संजय त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कृष्णपाल सिंह जादौन, नीतेश पाल, मार्टिन पिंटो, राजेंद्र गुप्ता, विनोद पाठक सहित बच्चों के अभिभावक और मीडिया के साथी उपस्थित थे। कार्टूनशाला में प्रतिभागी अंशिका गौड़ द्वारा बनाए गए चित्र का लोकार्पण भी किया गया। रविवार को पांच दिवसीय इस कार्टूनशाला का अंतिम दिन रहेगा।

# बाल भवन में महिलाएं, किशोरी लड़कियां और बच्चों के लिए आयोजित की जा रही हैं कई तरह के टूल्स



**इंदौर ।** राज्य शासन की विधि विधान के तहत महिला संरक्षण के तहत महिलाओं को व्यावसायिक संबंधों से जोड़ने के लिए महिला बाल एवं विकास विभाग इंदौर के संयुक्त निदेशक डॉ. वैष्णव व्यास द्वारा अभिनव पहल की जा रही है। डॉक्टर को बताया गया स्वयंसेवी संस्था ऑलवेज हैप्पी हेल्पिंग हांड संस्था की ओर से चर्चा कर 26 मई 2025 से बाल भवन इंदौर में सीरिया कैंप का आयोजन शुरू हो रहा है। इच्छाएं महिलाएं एवं किशोर लड़कियां 29/3 ओल्ड पलासिया में संपर्क कर शिविर में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा महिलाएं एवं किशोरी कॉलेज, पढ़ाई , कंप्यूटर , स्पोकन अंग्रेजी भी सीख सकते हैं। विभागीय बाल भवन, आवासीय सहायक निदेशक श्री वी.पी.एस. फोटोग्राफर ने बताया कि बाल भवन इंदौर में 5 से 16 साल तक के बच्चों के लिए अन्य आतंकवाद का संचालन 11 से 5 बजे के बीच पूरे साल भर किया जाता है , जिसमें गायन , कंप्यूटर , विज्ञान , नृत्य आदि क्षेत्र का संचालन होता है। केवल 60 प्रतिशत प्रति वर्ष का पंजीकरण शुल्क जमा करने पर सभी गतिविधियों का लाभ लिया जा सकता है।

# कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश पर जिला औषधि भंडार का औचक निरीक्षण किया गया

**इंदौर ।** कलेक्टर श्री आशिष सिंह के आदेश पर अपर रजिस्ट्रार श्री राजेंद्र रघुवंशी द्वारा अस्पताल स्थित जिला औषधि भंडार का औचक का निरीक्षण किया गया। जिला औषधि भंडार से जिले में विभिन्न स्वास्थ्य औषध , उप स्वास्थ्य औषध मांग के आधार पर औषधियों का वितरण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान कई दवाएँ , इंजेक्शन , सिरप , कैप्सूल एवं अन्य सामग्री एक्सपेर्ड दिए गए। साथ ही दवाइयों का रख-रखाव सुरक्षा नहीं मिली। दवा कक्ष में साफ-सफाई नहीं पाई गई और कूड़े की परतें जमी हुई पाई गईं। यह दस्तावेज़ कार्य के प्रतिद्वंद्विता एवं विविधता का द्योतक है। वैज्ञानिक कल्याण पाण्डे ने बताया कि मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 9(1) के अधीन जिला औषधि केन्द्र के स्टोर कीपर श्री सत्यप्रकाश इंगले को जिला औषधि केन्द्र के स्टोर कीपर श्री सत्यप्रकाश इंगले द्वारा अप्रयुक्त प्रभाव से हटा दिया गया है तथा उनके मुख्यालय कार्यालय में मुख्य एवं स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थापन किया गया है। साथ ही डॉक्टर द्वारा जिला औषधि केंद्र के प्रभारी डॉ. आशुतोष शर्मा (स्टोर प्रभारी/मेडिकल अधिकारी) को पद से हटा दिया गया है। उक्त संबंध में विस्तृत जांच के लिए अपर कलेक्टर श्री रा.ज.रघुवंशी को निर्देशित किया गया है।

# स्टेट प्रेस क्लब , म.प्र. सोशल इंटरप्रेन्योर अनारा पटेल के संवाद कार्यक्रम में

**इंदौर।** नेपोकिड्स की अपनी परेशानी और संघर्ष होता है। नामांकित बच्चों को अपनी छवि दिखाने के साथ-साथ अपनी पहचान बनाने के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। मैंने बचपन से अपनी अलग पहचान बनाने की मेहनत की है।

ये बात है गुजरात की सोशल एंटरप्रेन्योर श्रीमती अनार्य पटेल ने स्टेट प्रेस क्लब , मप्र के संवाद कार्यक्रम में कही। उन्होंने अनुरोध किया कि किसी को अपने स्वयं के खाते से देखें , उनकी पृष्ठभूमि से नहीं। वे तीन दशकों से अधिक समय की महिला , हस्तकला के कलाकारों को मंच और बाज़ार में आदि कलाकारों के माध्यम से 30 से अधिक परियोजनाओं के लिए संचालित कर रही हैं। उन्होंने अपने बचपन को याद करते हुए बताया कि उनकी मां , वर्तमान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उन्हें सातवीं कक्षा में ही कहा था कि आगे पढ़ो तो दूसरे बच्चों को पढ़ाओगे ।





माँ की बात हिटलर जैसी लगती थी - मास्टर पटेल ने कहा था कि बचपन में उन्हें अपनी माँ की बात हिटलर जैसी लगती थी लेकिन उन्होंने घर के किनारे की झुग्गी बस्ती में बच्चों को पढ़ना शुरू कर दिया था। उस वक्त से उनकी समाजसेवा से जो नाता टेबल वह आजतक पर है। गांधीजी की संगति से प्रभावित सामायिक पटेल ने गांधी आश्रम ट्रस्ट के माध्यम से कई सेवाओं से जुड़े और कहीं-कहीं अपने अनुयायियों के साथ मानव साधना संस्था से जुड़े बच्चों की मदद की।

कच्छ के भूकंप के समय खुले में शौच की मजबूरी - सिद्धार्थ पटेल ने कच्छ के भूकंप के समय पूरे वर्ष जहां रुक कर सेवा कार्य किये थे। भूकंप की विनाशलीला के कारण स्थिति ऐसी थी कि उन्हें और उनकी टीम को जीवन में पहली बार छुट्टियों के दिन बाकी नागरिकों की तरह खुले में शौच के लिए जाना पड़ा। उन्होंने वहां वर्ष-दर-वर्ष घर , स्कूल भवन , शौचालय आदि के पुनर्निर्माण में अपना योगदान दिया था।

सीएसआर फंड के घरेलू शेयरहोल्डिंग में उपयोग से प्लेस का नुकसान - मित्र पटेल ने कहा कि आज कंपनियों में उनके ही घर के लोगों के ट्रस्टों का रुझान बढ़ गया है, जिसके कारण अच्छे काम करने वाले प्लॉट का नुकसान हुआ है। वे हस्तकला के लिए विश्वविद्यालय भी बनाना चाहते हैं , बस समस्या यह है कि हस्तकला के सर्वोच्च कलाकार भी अपनी कला के तो महारथी होते हैं लेकिन वे सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सैद्धांतिक वगारा से प्रोफेसर नहीं बन सकते। जोश बढ़ाने वाला गीत सुनाकर समां बांधा - संवाद कार्यक्रम में पारिवारिक माहौल की सराहना करते हुए सरदार पटेल ने अपनी संस्था के कलाकारों का उत्साह बढ़ाने वाला मधुर गीत स्वर में सुनाकर समां बांधा दिया। बाद में समवेत स्वर में वैष्णव जन तो तैने कहिए जे का गायन भी हुआ। इस अवसर पर क्राफ्ट रूट्स के सीईओ अनिल चकवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रारंभ में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष वकील कुमार खारीवाल , मस्जिद संगीतकार जौहरी , आकाश चौकसे , शिक्षक सोनाली यादव , डॉ. अजय शुक्ला एवं रीतेश तिवारी ने पुष्प गुच्छ , अंगवस्त्र , स्मृतिचिन्ह , गांधी साहित्य , स्मारकिका कर अनार पटेल का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कर्मी एवं पत्रकार आलोक बाजपेयी ने किया। अंत में प्रदर्शन भंडार कला कर्मी दुकानदार सोनी के।

## शाजापुर एवं मो. बड़ोदिया ब्लॉक की जिला पुरातात्विक समीक्षा बैठक



**शाजापुर।** जिला मुख्य पंचायत कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष टैगोर की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना शाजापुर एवं मो. बड़ोदिया ब्लॉक की जिला सांस्कृतिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री टैगोर ने पोषण योजना समन्वयक शत-प्रतिशत बच्चों को लक्ष्य देने का प्रयास किया, बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पूर्ण और मेनू के अनुसार हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश जिला परियोजना समन्वयक, बीआरसीसी और जनशिक्षकों को दिए गए। साथ ही जारी किए गए जिला आपूर्ति कार्य अधिकारी को पीडीएस स्टोर से समय-पूर्णता में परिवहन करने और जिला पंचायत मुख्यपालन अधिकारी को पीडीएस स्टोर से समय-पूर्णता में बेचने के निर्देश दिए गए। उन्होंने ऐसी शालाओं में भर्ती पोषण के ऑनलाइन एप के माध्यम से निरीक्षण नहीं किया, उनके जनशिक्षक को कारण बताया सूचना पत्र जारी करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारी को दिए गए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एचएल वर्मा, जिला पंचायत मो. बड़ोदिया के सीईओ श्री अमृतराज सिसौदिया, डिप्टी कमिश्नर श्री अनुराग पाण्डे, जिला आपूर्ति अधिकारी अजूबा मरावी, जिला प्रबंधन एम.पी. स्टेट सिविल क्रिस्टोफर, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री अशफाक खान, विकासखंड स्रोत समन्वयक श्री योगेश भावसार, क्वालिटी मॉनिटर श्री दिनेश जावलकर एवं शाजापुर व मो. बड़ोदिया के जनशिक्षक आदि उपस्थित थे।

## जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद, प्रशासक समिति वित्त एवं समिति की बैठकें



**शाजापुर।** शाजापुर की जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद, प्रशासनिक समिति एवं वित्त समिति की आज की बैठकें साझीदार पॉलिटेक्निक कॉलेज की हुई। बैठक में जनभागीदारी अध्यक्ष डेमोक्रेट प्रतिनिधि श्री संतोष टैगोर, प्रतिनिधि प्रतिनिधि श्री डेमोक्रेटिक टेलर, प्रतिनिधि प्रतिनिधि श्री लोकेन्द्र नायक एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में संस्था कार्यशाला श्री विपुल परमार्थी द्वारा संचालित संस्था में पूर्व संचालित इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मेकेनिकल इंजीनियरिंग और 2 नई कंपनी कंप्यूटर साईस और इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकंप्युनिकेशन के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही संस्था के स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, इलेक्ट्रिकल लैब, मेकेनिकल लैब, वर्कशॉप आदि का प्रस्थान हुआ। कार्यक्रम में रिकॉर्ड्स ने मेकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल विभाग द्वारा प्रकाशित टेक्निकल बुक मेकवर्स एवं इलेक्ट्रोस्फीयर का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालक श्रीमती गुंजन जैन द्वारा किया गया।

## खिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा ने किया टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार का सम्मान



**सुसनेर।** गुरुवार को नगर के सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु भावसार एवं नगर परिषद की पूर्व पार्षद आशा भावसार की बेटी स्टार प्लस के सीरियल ्फगुम है किसी के प्यार में्फ फेम टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार का अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत महासभा के पदाधिकारियों ने उनके सुसनेर स्थित निवास पर पहुँचकर देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई माया नगरी में क्षेत्र का नाम अपनी कला के दम पर रोशन करने के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार ने बताया कि में भी मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले के छोटे से कस्बे सुसनेर जहां से मुम्बई जाने का कोई रेलवे पटरी या बस का सीधा जाने साधन भी नही है वहा से निकल कर अपने पिता के सहयोग से मुम्बई जाकर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया तो आप सब भी अगर ठान ले तो ये कर सकते है। में भी जैसे ही स्कूल के कार्यक्रमो में ऐसे ही भाग लेती थी। स्कूल के इन्ही कार्यक्रमो में भाग लेने से स्टेज पर आपकी हिम्मत खुलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय राजपूत महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर ईश्वरसिंह चौहान, नागूसिंह चौहान गड़बड़ा, महामंत्री कमलसिंह चौहान सहित समाजजन उपस्थित जिन्होंने टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार को गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित क़िया। इस दौरान अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर ईश्वरसिंह चौहान ने विगत दिनों सुसनेर में आयोजित समाज के युवा सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए स्नेहा भावसार का सौंधिया समाज की ओर से आभार जताते हुए हर्ष व्यस्त किया।

**चित्र -टीवी एक्ट्रेस स्नेहा भावसार का सम्मान करते हुए सोंधिया राजपूत समाज के पदाधिकारी।**





# पॉश्चर बैंक नामक गांव को पॉलीथिन मुक्त बनाया- मंत्री श्री परमार

**शाजापुर।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने आज शाजापुर जिले के विधानसभा क्षेत्र सुपुर के ग्राम किसोनी में बने टीन शेड का स्मारक कर ग्रामवासियों को बधाई दी। मंत्री श्री परमार ने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान द्वारा किए गए सिन्दूर ऑपरेशन के बारे में भी लोगों को बताया कि किस तरह भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से पाकिस्तान को ध्वस्त कर जवाब दिया था। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामसोनी में ही स्टेडियम बस्ती में भी 10 लाख के लिए टीन शेड निर्माण की घोषणा की गई। मंत्री श्री परमार ने कहा कि हर गांव में एक सोलर शेड की जरूरत है, ताकि गांव का कार्यक्रम अच्छा हो सके और किसी भी मौसम में परेशानी न हो। मंत्री श्री परमार ने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि अपने गांव को पॉलीथिन मुक्त बनाएं। अपने गांव में एक पॉलीथिन बैंक बनाने के लिए जनभागीदारी के माध्यम से अपनी इच्छा अनुसार पॉलीथिन दान करें, एक पोस्ट पर होने वाले पॉलीथिन का उपयोग करें और अपने गांव को पॉलीथिन मुक्त करें। इस अवसर पर पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री कैलाश सोनी ने भी पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर श्री समंदर सिंह राजपूत, श्री जापान परमार (मामा), श्री अशोक इंजील, श्री परसाराम धनगर सहित ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ओपेरा सरपंच श्री दीपक मेवेड ने किया और स्टॉक श्री शेयरधारक ने माना।

# जिला पंचायत मो. बड़ोदिया में विकास कार्य की समीक्षा बैठक कार्यकारिणी



**शाजापुर।** जिला मुख्य पंचायत कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष टैगोर की आज जिला पंचायत मो. बड़ोदिया में सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, कर्मचारी अधिकारी एवं उपयंत्रियो की समीक्षा आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री टैगोर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के तहत तृतीय किश्त में अपूर्ण आवास प्राप्त किये। समीक्षा ग्राम पंचायतवार करने के दौरान सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक द्वारा एक सप्ताह के भीतर 239 आवासों को पूर्ण करने एवं प्रथम किश्त प्राप्त अप्रारंभ आवासों में से 404 आवासों में द्वितीय किश्त जारी करने के संबंध में समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री टैगोर द्वारा तृतीय कि प्राप्त अपूर्ण आवासों को 15 जून तक पूर्ण करने एवं प्रथम किश्त प्राप्त अपूर्ण आवासों को भी प्रारंभ कर एक सप्ताह के अंदर किश्त जारी करने के निर्देश दिये गये। साथ ही उन्होंने शेष आवास कार्यालयों से एक सप्ताह में जारी किए गए निर्देशों के अनुसार लक्ष्य प्राप्त किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री टैगोर ने जल गंगा पर्यवेक्षण अभियान अंडर खेत तालाब, डीजी वेल रिचार्ज पीट एवं पूर्व वर्ष के एन.आर.एम. के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की, 15 जून तक सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश भी नीचे दिए गए हैं। इस दौरान अवेलेबल के संचालन एवं प्रिय की समस्या के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई और आने वाली समस्या से सभी को अवगत कराने के लिए तत्काल सुझाव देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत मो. बडोडिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अमृतराज सिसौदी, आवास प्रभारी, जिला समन्वयक क्लिनिअम भारत मिशन, परियोजना अधिकारी वॉटर शेड, सहायक मशीनरी लैबर आदि उपस्थित थे।



## प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में भाजपा कोर कमेटी की बैठक भोपाल में हुई सम्पन्न

**सुसनेर।** शनिवार को भोपाल में आगर जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा कोर कमेटी की बैठक में सम्पन्न हुई।उक्त बैठक भोपाल में आगर जिले के प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान के शासकीय आवास में सम्पन्न हुई। जिले की कोर कमेटी की बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, आगर विधायक मधु गहलोत, पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठोर, जिला महामंत्री द्वय डॉक्टर गजेन्द्रसिंह चन्द्रावत एवं कैलाश कुम्भकार आदि ने सम्मलित होकर जिले के विभिन्न विकासकार्यो एवं अन्य विषयों पर विचार विमर्श एवं चर्चा हेतु आयोजित उक्त कोर कमेटी सम्पन्न हुई। **चित्र : कोर कमेटी की बैठक में प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान के साथ जिले के भाजपा नेताओं ने लिया भाग।**

# भाजपा के नेताओं में पहलगाम के पीड़ितों और हमारी वीर सेना पर लांछन लगाने की होड़ चल रही है- सज्जन सिंह वर्मा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हमारी जाँबाज सेना का अपमान किया, पर मोदी जी ने कोई कार्रवाई नहीं की एक ओर मंत्री विजय शाह ने हमारी वीर कर्नल पर भद्दी टिप्पणी की, पर आज तक बर्खास्त नहीं हुए ।जब पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफ़िसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी मोदी जी चुप थे ।भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर आरएसएस ओर भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया।

## प्रधानमंत्री देश से मन की बात मे अपने निर्लज्ज मंत्रियो के विषय मे बताना भूल गए...



प्रधानमंत्री देश से मन की बात मे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा,राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा,मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,मंत्री विजय शाह जैसे नेताओं के बारे मे क्यों नहीं कहते यह आज भारतका प्रत्येक नागरिक पूछ रहा है। नरेंद्र मोदी कहते हैं कि उनकी रगों में सिंदूर है,अगर ऐसा है, तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए अपने इन बदजुबानी नेताओं को बर्खास्त क्यों नहीं किया ? भाजपा का असली चाल चरित्र ओर चेहरा तो मनोहर धकाड जैसे नेता उजगार कर रहे है। उसके बाद भी भाजपा को शर्म नहीं आप रही है। प्रधानमंत्री भाजपा द्वारा आयोजित नारी सशक्तिकरण समरोह में आ रहे हैं मे कहता हु उनके पास सर्व सुविधा युक्त विमान है उन्हें धार ओर खंडवा जाकर देखना चाहिए की उनकी डबल इंजन की सरकार मे महिलाएं और नाबालिग बच्चिया कितनी सुरक्षित है। भाजपा की केंद्र ओर राज्य सरकार के नेताओं द्वारा भारतीय सेना का लगातार किए जा रहे अपमान पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने आज कांग्रेस कार्यालय गाँधी भवन पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा की भाजपा के नेता सेना का अपमान कर देश की गरिमा पर प्रहार कर रहे है इनके बदजुबान मंत्री विजय शाह को कब बर्खास्त कर रहे हैं या आज पूरा देश पूछ रहा है। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की बहादुर अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अशोभनीय, अपमानजनक और महिला विरोधी टिप्पणी ने पूरे देश की भावनाओं को गहराई से आहत किया है। कांग्रेस पार्टी इस बयान की घोर निंदा करती है और इसे केवल एक महिला अधिकारी नहीं, पूरे भारतीय सैन्य बल और 140 करोड़ नागरिकों की गरिमा पर हमला मानती है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा की कांग्रेस मांग करती है की विजय शाह को अविलंब मंत्रिपद से बर्खास्त किया जाए।

उपमुख्यमंत्री देवड़ा व विदेश मंत्री जयशंकर से सफाई ली जाए और सार्वजनिक क्षमा मांगी जाए। . प्रधानमंत्री स्वयं देश को यह भरोसा दिलाएं कि भारत की सेना का सम्मान किसी दलगत राजनीति से ऊपर है। इस पूरे मामले की स्वतंत्र जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराई जाए। कांग्रेस स्पष्ट करना चाहती है कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति या दल से नहीं, बल्कि देश की गरिमा, सेना के मान और राष्ट्र की प्रतिष्ठा की रक्षा की लड़ाई है। हम संसद से सड़क तक यह सवाल उठाएंगे।

गाँधी भवन मे जय हिन्द यात्रा को लेकर आयोजित बैठक मे इंदौर नगर निगम मे कांग्रेस के हारे जीते पार्षद प्रत्याशीय शामिल हुए जिसमे 26 मई सोमवार को शाम 6-00 बजे कांग्रेस द्वारा आयोजित जय हिंद तिरंगा यात्रा जो की नेहरू प्रतिमा मधु मिलन चौराहे से अंबेडकर प्रतिमा गीता भवन चौराहे तक आयोजित की है उसमे सभी वार्डो से अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होने के निर्देश दिए गए। जय हिंद तिरंगा यात्रा का नेतृत्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व मध्य प्रदेश के प्रभारी श्री हरीश चौधरी जी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव मध्य प्रदेश के सह प्रभारी श्री संजय दत्त जी के नेतृत्व में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में निकाली जा रही है। कांग्रेस कार्यालय गाँधी भवन पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, इंदौर संगठन प्रभारी रवि जोशी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, इंदौर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, शहर कांग्रेस संगठन सह प्रभारी अवनीश भार्गव, सोमिल नाहटा, गजेंद्र सिसोदिया,प्रदेश प्रवक्ता राजेश चौकसे,अरविंद बागड़ी, पिंटू जोशी, प्रवक्ता अमित चौरसिया आदि उपस्थिति थे।

# रेस्टोरेशन के काम वर्षा पूर्व अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें- आयुक्त

## स्टॉर्म वाटर लाइन के पास रिचार्ज पॉइंट बना कर करेंगे रिचार्ज*

## नई बनने वाली सड़कों की फुटपाथ पर यूटिलिटी लाइन और रोड के किनारे पर स्टॉर्म वाटर लाइन डालेंगे

## गंदा पानी सप्लाई होने पर संबंधित इंजीनियर पर होगी कार्यवाही

**इंदौर।** आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा स्मार्ट सिटी ऑफिस में अमृत योजना एवं जलप्रदाय की समीक्षा की बैठक ली गई। उक्त बैठक में अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा श्री अभय राजनगावंकर, कार्यपालन यंत्री,मुख्यालय सहायक यंत्री,समस्त सहायक यंत्री जलप्रदाय, संबंधित विभागीय अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। आयुक्त श्री वर्मा द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिए कि सभी अधिकारी उनके क्षेत्र में रेस्टोरेशन के काम वर्षा पूर्व अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करले। कालोनी के अंदर भी रेस्टोरेशन का कार्य किया जाना हो तो उसे भी वर्षा पूर्व कर लिया जावे इसके साथ ही मास्टर प्लान की जो नई सड़क बनना प्रस्तावित है, उसमें स्टॉर्म वाटर लाइन रोड के किनारे पर डालें तथा सड़क के फुटपाथ पर यूटिलिटी की लाइन डाली जाने की प्लानिंग की जावे ताकि आवश्यकता होने पर यूटिलिटी लाइन के लिए सड़क को फिर से ना खोदना पड़े। आयुक्त श्री वर्मा द्वारा यह भी निर्देश दिए गए की स्टॉर्म वाटर लाइन के पास में वर्षा जल को रिचार्ज उपयोग करने के लिए रिचार्ज पॉइंट बनाएं और वर्षा का जल का भू जल पुनर्भरण में उपयोग किया जावे। साथ ही गंदे पानी की शिकायत को प्राथमिकता से हल करने के लिए जो भी कार्य किया जाना है वर्षा के पहले पूर्ण कर लेने हेतु निर्देशित किया गया,यदि गंदे पानी की शिकायत आती है तो संबंधित इंजीनियर की जिम्मेदारी निर्धारित की जाकर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जावेगी। वर्षा जल को पुनर्भरण के लिए क्षेत्र में जो कुवै बावड़ी है उनको रिचार्ज पॉइंट बनाया जाए, इसके लिए प्रत्येक जोन में सर्वे कर स्थान निर्धारित कर लिए जाएं तथा लगभग 700 से अधिक बोरिंग जो इस वर्ष सूख गए थे उन्हें भी रिचार्ज करने के लिए कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।








# टोल प्लाजा संचालन की जिम्मेदारी से समूह महिलाओं ने बढ़ाए आत्मनिर्भरता की ओर कदम

## 15 महिलाए अर्जित करती हैं प्रतिमाह 9-9 हजार रुपए आमदनी

**आगर-मालवा।** नारी सशक्तिकरण , राष्ट्र सशक्तिकरण की आधारशिला है। महिलाएं आत्मनिर्भर होगी तो समाज और राष्ट्र स्वतः आत्मनिर्भर बन जाएंगे। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नित नए कदम उठाएँ गए है, महिला हित में लिए गए निर्णयों से आज महिलाओं का जीवन बेहतर हो रहा है वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही। ऐसी ही एक कहानी आगर-मालवा जिले के ज्योति स्व सहायता समूह की महिलाओं की है। समूह की 15 महिला सदस्याए प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप टोल प्लाजा का संचालन कर पुरुष वर्चस्व वाले कार्य में नई उपलब्धिया हासिल कर रही है। उल्लखेनीय है कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 में देश में पहली बार आगर मालवा जिले के महिलाओं के स्व-सहायता समूह टोल प्लाजा संचालन की जिम्मेदारी देकर महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण पेश किया था। शाजापुर-दुपाड़ा -नलखेड़ा मार्ग पर चाचाखेड़ी गांव में स्थित टोल प्लाजा का संपूर्ण प्रबंधन और संचालन जिले के ज्योति महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा समूह महिलाओं को जिस विश्वास के साथ टोल संचालन का दायित्व सौंपा था, महिलाओं ने उस पर खरा उतरकर अपनी प्रबंधन क्षमता को साबित किया है। महिलाओं के बेहतर संचालन को देखते हुए मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम ने टोल संचालन के अनुबंध को 1 साल और बढ़ाकर 1 सितंबर 2025 तक किया है।

## डेढ़ साल में 1 करोड़ 13 लाख 54 हजार का उपभोक्ता शुल्क संग्रहण

ज्योति स्व सहायता समूह द्वारा 2 सितंबर 2023 से टोल प्लाजा का संचालन किया जा रहा है। संचालित टोल प्लाजा के माध्यम से इस डेढ़ साल में 1 करोड़ 13 लाख 54 हजार का उपभोक्ता शुल्क संग्रहण हुआ है। इसमें से 30 प्रतिशत का कमीशन महिला समूह को प्राप्त हो रहा है। संचालन का दायित्व संभालने वाली 15 महिलाओं में से प्रत्येक महिला को 9 हजार रुपए प्रति माह की आमदनी होती है महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के लिए समूह अध्यक्ष श्रीमती राजूबाई द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार माना है।

# दुबई-सऊदी से लौटे युवकों के पेट में निकला सोना, अपहरण से खुली पोल

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में शुक्रवार को हाई-वे पर हुए अपहरण कांड ने सोने की अंतरराष्ट्रीय तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। दुबई और सऊदी अरब से लौटे छह युवकों में से चार के पेट से शनिवार को 9 सोने के कैप्सूल बरामद किए गए हैं। इस राज का खुलासा तब हुआ जब पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अपहरणकर्ताओं से बंधकों को छुड़ाया और युवकों की मेडिकल जांच कराई गई। जानकारी अनुसार रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के रहने वाले नावेद, जाहिद, शाने आलम, मुतल्लिब, अजरूद्दीन और जुल्फिकार शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से भारत लौटे थे। इनमें से नावेद और जाहिद सऊदी से सीधे दिल्ली एयरपोर्ट आए, जबकि शेष चार युवक दुबई से पहले मुंबई और फिर दिल्ली पहुंचे। सभी को टांडा का ही कार चालक जुल्फिकार दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर गांव ला रहा था। जब उनकी कार मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के पास पहुंची, तो पांच-छह बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक कर अगवा कर लिया और एक फार्म हाउस के पास जंगल में ले गए। लेकिन चालक जुल्फिकार किसी तरह भाग निकला और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद ग्रामीणों और पुलिस ने घेराबंदी कर बदमाशों को भागने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान दो अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी भी हुई है। जांच में सामने आया कि दुबई से लौटे मुतल्लिब, शाने आलम, अजरूद्दीन और जुल्फिकार के पेट में मेटल डिटेक्ट हुआ। डॉक्टरों की मदद से पेट से 9 सोने के कैप्सूल निकाले गए। यह स्पष्ट नहीं है कि वे कस्टम विभाग को कैसे चकमा देकर निकले, लेकिन बदमाशों को तस्करी की पूरी जानकारी थी, जिससे संदेह गहराता जा रहा है कि इस नेटवर्क में कई लोग शामिल हो सकते हैं।

# सीईआईआर से खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन हो रहे वापस

## यह वेबसाइट चोरी हुए फोन को ट्रैक करने में करती है मदद

**गाज़ियाबाद।** आजकल ज्यादातर चीजे लोग पार्सल से मंगवाते हैं। इनमें कुछ छोटे पार्सल पुलिस थानों और ऑफिसों में भेजे जा रहे हैं। ये पैकेट उन लोगों ने भेजे हैं जिन्होंने चोरी हुए फ़ोन वापस किए हैं। ऐसा ही एक पार्सल पुलवामा के रहने वाले एक शख्स ने भेजा है। उसने छह महीने पहले एक लोकल दुकान से डिस्काउंट पर एक फोन खरीदा था रिसेप्शन ठीक है? बैटरी लाइफ कैसी है? जब वह संतुष्ट हो गया, तो उसने फोन खरीद लिया। पुलवामा के उस शख्स को एक माह बाद पता चला कि वह फ़ोन रंजीत झा का था। रंजीत झा गाज़ियाबाद में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। दिल्ली की भागदौड़ भरी ज़िन्दगी में रंजीत झा को 16 अक्टूबर, 2023 को गाज़ियाबाद में अपने घर से दिल्ली में एक जॉब इंटरव्यू के लिए निकले थे। उन्होंने तीन और यात्रियों के साथ एक ऑटो पकड़ा जो उन्हें न्यू बस अड्डा मेट्रो स्टेशन तक ले जाने वाला था। झा ने बताया कि जब वह ऑटो में थे तब मेरे पिताजी का फ़ोन आया। कॉल खत्म करने के बाद, उन्होंने फोन को वापस जेब में रखने के बजाय हाथ में ही पकड़े रखा। उनका ध्यान इंटरव्यू पर था, इसलिए उन्हें पता ही नहीं चला कि फोन उनके हाथ से कब गायब हो गया। उन्हें तब पता चला जब वह टिकट काउंटर पर पहुंचे और टिकट के पैसे देने थे तब उन्हें ध्यान आया कि फोन नहीं है उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। रंजीत झा की शिकायत सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर दर्ज की गई। यह सरकार का एक प्लेटफार्म है जिसे दूरसंचार विभाग चलाता है। यह आईएमईआई नंबरों का उपयोग करके चोरी हुए फोन पर नज़र रखता है। मार्च 2024 में आईएमईआई ट्रैकर्स ने झा के फोन को खोज निकाला। उस फ़ोन में एक अलग सिम कार्ड लगा हुआ था, जो जम्मू और कश्मीर में रजिस्टर्ड था। पुलिस को वह नया नंबर मिला और गाज़ियाबाद के पुलिस कमिश्नरेट से एक कॉल किया गया। पुलवामा के उस शख्स ने बताया कि कॉल करने वाले ने खुद को एक पुलिस अधिकारी बताया और मुझे बताया कि मैं एक चोरी का फोन इस्तेमाल कर रहा हूं। वह हैरान हो गए उन्होंने जवाब दिया कि उन्होंने इसे अपने होमटाउन से खरीदा था और उनके पास इसका बिल भी है। कॉल काटने के बाद झा ने पुलिस स्टेशन से संपर्क किया और उनसे पूछा कि क्या वे यह वेरिफाई कर सकते हैं कि मुझे क्या बताया जा रहा है। उन्होंने गाज़ियाबाद पुलिस से बात की और पुष्टि की कि यह एक चोरी का फोन है। इसलिए वह इसे वापस करने का फैसला किया। पुलिस ने सुझाव दिया कि वह इसे कूरियर कर सकता हैं और उन्होंने ऐसा ही किया। भारत के अलग-अलग हिस्सों से 70 लोगों ने चोरी हुए फोन कूरियर के ज़रिए गाज़ियाबाद पुलिस को वापस भेजे। आमतौर पर ये फोन स्नैचरों ने चुराए थे, जिन्होंने इन्हें ग्रे मार्केट में बेच दिया था, या फिर मालिक इन्हें कहीं रखकर भूल गए थे। सीईआईआर की वजह से खोए हुए फोन को ट्रैक करना आसान है। अगर आईएमईआई नंबर से छेड़छाड़ की जाती है तो पोर्टल कुछ नहीं कर सकता, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लाखों फोन ऐसे हैं जो आईएमईआई नंबरों के साथ चोरी हो जाते हैं और बेचे जाते हैं। इससे उन्हें ट्रैक करना आसान होता है। इसलिए अगर कोई फोन चोरी हो जाता है, तो उसे ट्रैक और रिकवर करने की संभावना होती है।

बता दें सीईआईआर एक सरकारी वेबसाइट है। इसका पूरा नाम सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर है। यह वेबसाइट चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक करने में मदद करती है। इसमें आप अपने चोरी हुए फोन का आईएमईआई नंबर डालकर उसे ब्लॉक कर सकते हैं, ताकि कोई और उसका गलत इस्तेमाल न कर सके।








# आपरेशन सिंदूर में भारत के सैन्य सामर्थ्य को विश्व ने देखा - पूर्व कमांडर श्री संधू

**इंदौर राष्ट्रीय जनभावना**

विश्व को भारत के सामर्थ्य का अनुमान था, लेकिन आपरेशन सिंदुर में उसे सभी देशों ने देख भी लिया। विश्व के देश भारत की नीतियों को प्रभावित करने का प्रयास करते है, लेकिन भारत की शक्ति को, भारत के सामर्थ्य को कम नहीं कर सकते है। आज भारत की सैन्य शक्ति देखकर दुनिया अचंभित है। भारतीय सैन्य शक्ति दुनिया की तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति है, जिसकी शक्ति आपरेशन सिंदुर में विश्व ने देखी। पहलगाम हमला वास्तव में भारत को चुनौती थी, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। आपरेशन सिंदुर में भारत सौ प्रतिशत सफल रहा। युद्ध विराम भारत की कुटनीतिक विजय है। भारत कभी भी युद्ध नहीं चाहता है। भारत का लक्ष्य युद्ध नहीं 2047 तक विकसित भारत बनना है।

यह बात भारतीय सेना के पूर्व सैन्य सचिव एवं जम्मू कश्मीर के 15वीं कोर के पूर्व कमाण्डर लेफ्टिनेंट जनरल जसविंदर सिंह संघू ने कही। आप रविवार को देवर्षि नारद जयंती समारोह में ÷आपरेशन सिन्दूर҃ भारत का सामर्थ्य÷ विषय पर सम्बोधित कर रहे थे। श्री संघू ने कहा कि पहलगाम में आंतकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमले किये। भारत का इरादा पाकिस्तान पर हमला करना नहीं था, लेकिन जब रात में ही पाकिस्तान की ओर से हमले हुये तो भारत को जवाबी कार्रवाई करना पड़ी। हमेशा की तरह आज भी भारत युद्ध नहीं चाहताा है, लेकिन दुश्मनों के हमलों का जवाब तो देना ही होगा। आने वाले दिनों में भी यदि पाकिस्तान की ओर से हमले होते है, तो भारत युद्ध जारी रखेगा। भारत ने युद्ध को विराम दिया है, युद्ध बंद नहीं किया है। भारत के पास सैनिकों और हथियारों की कमी नहीं है। श्री सिंधू ने कहा, भारत का उदेद्श्य 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। युद्ध केवल सैन्य पंक्तियों से नहीं लड़े जाते है, बल्कि युद्ध के भी अलग-अलग तरीके होते है, जिसे देशहित में देखना होता है। भारत को आने वाले दिनों में अपनी अर्थव्यवस्था को, अपनी शक्ति को बढ़ाना है। नई तकनीक को उन्नत करना है, ताकि भारत विश्व का सबसे शक्तिशाली देश बन सके। आज वह देश सबसे शक्तिशाली है, जिसने अर्थव्यवस्था और तकनीक में खुद को आगे रखा है। भारत का लक्ष्य भी विकास के मार्ग पर चल कर शक्तिशाली बनना है, न की युद्ध करना। जो शक्तिशाली देश होगा, वही विजयी देश भी होगा। युद्ध के अलावा भी कई विकल्प है शक्तिशाली बनने के। श्री सिंघू ने कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार है, लेकिन उसका उपयोग आसान नहीं है। पाकिस्तान जानता है कि यदि परमाणु शक्ति का उपयोग किया गया तो नुकसान उसका भी होगा। पीओके तो वैसे भी भारत का ही हिस्सा है। आने वाले समय में यह भी संभव है कि भारत को पीओके के लिये कुछ करना ही नहीं पड़े और पाकिस्तान खुद की कई हिस्सो में टूट जाए। वास्तव में यह विचारधाराओं की लड़ाई है और पूरे पाकिस्तान को जीतने के लिये महाभारत होगा, लेकिन इसके लिये समय का इंतजार करना होगा। आपने कहा कि, भारत के इतिहास को देखे तो पता चलता है कि भारत की टूट आंतरिक कारणों से हुई थी। आज भी हालात वहीं है। भारत को आंतरिक दुश्मनों को भी देखना होगा। बाहरी शक्तियां जितनी बड़ी है, उतनी ही बड़ी आंतरिक शक्तियां भी है। भारत के युद्ध विराम पर श्री सिंघू ने कहा, युद्ध विराम को कुटनीतिक दृष्टि से देखना होगा। युद्ध रोककर भारत कुटनीति स्तर पर विजयी हुआ है। सरकार का स्पष्ट कहना था कि कुटनीति केवल और केवल देशहित में ही होना चाहिये। आपरेशन सिन्दूर में भारत की कुटनीति सफल रही। आपरेशन सिन्दूर में महिला सैन्य अधिकारियों की भूमिका पर श्री सिंघू ने कहा कि भारतीय सेना में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। समय के साथ सेना में महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है, जिस पर गर्व किया जाना चाहिये। 30 मई 2025 को महिला सैन्य अधिकारियों की पूरी बैच का प्रशिक्षण पूरा हो रहा है। यह बैच भारत की पहली बैच होगी, जिसमें सभी अधिकारी महिलाएं ही है। आयोजन की सूत्रधार आकाशवाणी की वरिष्ठ उद्घोषिका श्रीमती सुधा शर्मा थी । एसजीएसआईटीएस के गोल्डन जुबली आडिटोरियम में समारोह का आयोजन विश्व संवाद केंद्र, मालवा प्रांत, इंदौर प्रेस क्लब, रेनसां विश्वविद्यालय और पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला, देअविवि के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। दीप प्रज्ज्वलन और पण्डित दीपक द्वार नारद स्तुति के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथि परिचय मेजर सौरभ शर्मा ने दिया। आयोजन की प्रस्तावना प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष श्री दिनेश गुप्ता,इन्दौर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी, रेनसां समूह के श्री स्वप्निल कोठारी,पत्रकारिता विभाग देअविव की प्रमुख श्रीमति सोनाली नरगुंदे ,एसजीएसआयटीएस के निदेशक श्री नितेश पुरोहित के साथ ही इन्दौर के अनेक पत्रकार तथा समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## पाकिस्तान के ज्यादा दिन नहीं बचे, 75 साल बहुत जी लिया, अयोध्या में षटस्र्योगी की हुंकार



**लखनऊ ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ करते हुए कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों को धर्म पूछकर मारा था, इसके बाद भारत के वीर सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में 26 के बदले 124 आतंकियों को मारा गया. अयोध्या पहुंचे सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया. सीएम योगी ने दो टूक कहा कि ये आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को ले डूबेगा, ज्यादा दिन नही बचे हैं अब इसके, 75 वर्ष बहुत जी लिया. वहीं, ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ करते हुए सीएम ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों को धर्म पूछकर मारा था, इसके बाद भारत के वीर सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में 26 के बदले 124 आतंकियों को मारा गया. आपको बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या दौरे पर थे. यहां उन्होंने हनुमानगढ़ी में बने श्री हनुमत कथा मंडप लोकार्पण किया. इसके बाद अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि 500 साल के अंतराल के बाद रामनगरी अयोध्या का वैभव वापस लौटा है. एक समय सुविधाओं के अकाल से जूझ रही अयोध्या का आज कायाकल्प हो गया है. मंदिर यहीं बनाने की सौगंध खाई गई थी, और उस संकल्प को सिद्ध भी किया गया.

## लोकमाता पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति



**लखनऊ ।** अभियान-2025 के अंतर्गत लखनऊ में आयोजित संगोष्ठी में सम्मिलित हुआ। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी ने एक आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी थी। भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने के लिए उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक वृहद भारत को एक भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में जोड़ने का काम उन्होंने किया था। उनके श्री चरणों में कोटि-कोटि नमन!

## व्यक्ति, प्रकृति के जितना अधिक नजदीक रहेगा, उतना ही स्वस्थ महसूस करेगा: मुख्यमंत्री




**लखनऊ** । अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में प्रकृति तथा सतत विकास के साथ सामंजस्य विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी-2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित ग्रीन बजट पुस्तक का विमोचन कर जैव विविधता पर आधारित प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए।

## जमीनी विवाद में पूर्व प्रधान और बेटे की धारदार हथियार से हत्या

**फिरोजाबाद ।** जनपद के नगला सिंघी थाना क्षेत्र के गांव टीकरी में रविवार की शाम पूर्व प्रधान अरविंद यादव और उसके बेटे नितिन यादव की गांव के ही कुछ दबंगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना के पीछे जमीन का विवाद सामने आया है। जिस जमीन को लेकर के हत्या की गई है उसे प्रशासन ने 20 मई को कब्जा मुक्त कराकर अरविंद यादव के पक्ष में कब्जा दिलवाया था। यह पूर्व प्रधान और उनका बेटा नितिन उस जमीन पर खेती करने के लिए आज वहां गए थे इसी दौरान दूसरे पक्ष में घात लगाकर इन पर हमला बोल दिया। इन दोनों की मौके पर ही मौत हो गई और आरोपी मौके से फरार हो गए। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। यह मामला नगला सिंघी थाना क्षेत्र के गांव टीकरी का है जहां पर पूर्व प्रधान अरविंद यादव और उनके बेटे नितिन की धारदार हथियार की हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक पूर्व प्रधान अरविंद यादव का अपने ही गांव के हुब्बलाल और कमल यादव से जमीन को लेकर विवाद चला था। इस विवाद का निस्तारण भी हो गया और 20 मई को प्रशासन ने अरविंद यादव को उसका कब्जा दिलवा दिया । अरविंद यादव और उनका बेटा नितिन और जमीन की जुताई के मकसद से मौके पर गए थे तभी हुब्बलाल, कमल यादव और उनके साथियों ने इन पिता- पुत्र पर हमला बोल दिया जिससे दोनों की मौत हो गई। जानकारी मिलने के बाद कई थानों की पुलिस और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसएसपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोषियों की गिरफ्तारी की जाएगी। इस घटना से गांव में तनाव है। गांव में फोर्स तैनात कर दिया गया है।

## महिला ने संबंध रखने से इनकार किया तो उसके पति को मार डाला

**रायबरेली ।** दिल्ली पुलिस ने हत्या के एक आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला ने संबंध रखने से इनकार कर दिया तो उसने उसके पति को मार डाला। घटना के बाद आरोपी दिल्ली छोड़कर फरार हो गया था। आखिरकार पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली में एक दंपति पर कथित तौर पर हमला कर पति की हत्या करने और पत्नी को गंभीर रूप से घायल करने वाले आदमी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है।

## छत्तीसगढ़ में मेदांता अस्पताल और वरुण बेवरेजेस संयंत्र की स्थापना का प्रस्ताव, मुख्यमंत्री से निवेशकों ने की मुलाकात



**रायपुर, राष्ट्रीय जनभावना।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र में बड़े निवेश की दिशा में अहम कदम बढ़ते हुए आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से दो प्रमुख उद्योग समूहों ने मुलाकात की। मेदांता अस्पताल के संस्थापक और प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन ने रायपुर में एक अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने बताया कि वे इस परियोजना में लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश करना चाहते हैं। यह अस्पताल उन्नत चिकित्सा तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों, रिसर्च और प्रशिक्षण सुविधाओं से लैस होगा। वहीं, वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के चेयरमैन श्री रवि जयपुरिया ने रायपुर में कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स और फ्रूट जूस आधारित संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया, जिसमें 250 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा। यह परियोजना राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोज़गार सृजन को गति देगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दोनों प्रस्तावों का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य और उद्योग जैसे क्षेत्रों में ऐसे गुणवत्तापूर्ण निवेश के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ये दोनों परियोजनाओं पर राज्य शासन विचार कर इसे हर संभव मदद देगी, इस प्रकार की परियोजनाओं से जनता को लाभ और युवाओं को रोज़गार के नए अवसर भी सुलभ होंगे।

## नीति आयोग की बैठक में दिखी आत्मीयता: जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का थामा हाथ और कहा - छत्तीसगढ़ की बात अभी बाकी है



**रायपुर।** नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक के दौरान एक आत्मीय क्षण सामने आया, जिसने सबका ध्यान खींचा। लंच ब्रेक के समय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हाथ थामते हुए मुस्कराकर कहा कि ÷छत्तीसगढ़ की बात अभी बाकी है। इस एक वाक्य में प्रधानमंत्री का स्नेह, विश्वास और राज्य के प्रति विशेष रुचि झलक रही थी। उस क्षण, आसपास उपस्थित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबू नायडू और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एम.के. स्टालिन भी मुस्कराते हुए इस संवाद के साक्षी बने। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में हो रहे सकारात्मक बदलाव, औद्योगिक निवेश, और 'आत्मनिर्भर बस्तर' की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाए गए ठोस कदमों की सराहना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि कैसे बस्तर अब संघर्ष नहीं, संभावना का प्रतीक बन रहा है - जहाँ कभी बंदूकें चलती थीं, वहाँ अब मशीनें, लैपटॉप और स्टार्टअप की चर्चा हो रही है। नवा रायपुर में देश की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट और एआई डेटा सेंटर की स्थापना से लेकर लिथियम ब्लॉक की नीलामी तक - छत्तीसगढ़ अब न केवल संसाधनों का राज्य है, बल्कि भविष्य के भारत की प्रयोगशाला बन रहा है। यह क्षण किसी औपचारिक संवाद का नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री श्री साय के प्रयासों की सहज स्वीकृति और सराहना का था। नीति आयोग की बैठक में जहां देशभर के राज्यों ने अपने विकास मॉडल प्रस्तुत किए, वहीं छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति ने प्रधानमंत्री की विशेष रुचि और सराहना प्राप्त की। यह स्पष्ट संकेत है कि छत्तीसगढ़ अब केवल एक उभरता हुआ राज्य नहीं, बल्कि देश के समग्र विकास में एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला राज्य बन चुका है।

## नल-जल योजना के अधूरे कार्यों को कराएंगे पूर्ण

**कोरबा ।** कोरबा जिले में नल-जल योजना के अधूरे कार्यों को पूर्ण कराया जाएगा। इस संबंध में कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत मंजूर कार्यों की समीक्षा की गयी। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बचे नलकूपों का निर्माण शीघ्र ही पूरा करा लिया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत पीएचई की कराए जा रहे कार्यों की धीमी गति पर और पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत उपलब्धि हासिल नहीं करने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने एकल ग्राम और समूह नलजल प्रदाय योजना की समीक्षा भी की। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने अधिकारियो से कहा कि ऐसी एकल ग्राम योजनाएं जहां पर 80 प्रतिशत कार्य हो चुका है, उन्हें जल्द पूरा कराएं। उन्होंने पंप आधारित मिनी जल प्रदाय योजनाओं की जानकारी ली। बसाहटो में सोलर आधारित नल जल प्रदाय करने के निर्देश दिए। पानी टंकी निर्माण की स्थिति की समीक्षा के बाद कलेक्टर ने हुए अधूरे कार्यों को पूर्ण कराने कहा। सोलर पंप स्थापना के लिए स्रोत निर्माण का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। जल जीवन मिशन से स्वीकृत कार्यों में जिम्मेदारी के साथ लोगों के घरों तक गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, लोक सेवा यांत्रिकी विभाग के ईई रमन कुमार समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिना दस्तावेज ट्रैक्टर में परिवहन करते भारी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त

**कोरबा ।** कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई वन परिक्षेत्र में घोसरा-गेज नदी मार्ग पर वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जब्त किया हैं। डीएफओ कुमार निशांत के निर्देश पर वन परिक्षेत्राधिकारी अभिषेक दुबे की टीम ने उक्त कार्यवाही की। उन्हें मुखबिर सूचना मिली कि कोरबी के गेज नदी के पास जंगल से ट्रैक्टर में लकड़ी लोड की जा रही है। वन विभाग की टीम ने घात लगाकर कोसाबाड़ी के एक ट्रैक्टर को पकड़ा। ट्रैक्टर में साल की चिरान और बल्ली लोड थी। चालक के पास इससे संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजकुमार बिंझिया बताया ग्राम सरपता निवासी बताया। उसने आगे बताया कि ट्रैक्टर मालिक के कहने पर वह लकड़ी ले जा रहा था। वन विभाग ने ट्रैक्टर को मोरगा आवासीय परिसर में सुरक्षित रखा है। चालक और मालिक के खिलाफ वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969, काष्ठ चिरान विनियमन अधिनियम 1984 और छत्तीसगढ़ वनोपज अभिवहन नियम 2001 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।




# छत्तीसगढ़ में योग को जन-जन तक पहुंचाने व्यापक पहल : योग आयोग का मार्गदर्शक मंडल गठित

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ योग आयोग ने राज्य में योग को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए 41 सदस्यीय मार्गदर्शक मंडल (योग प्रचार समिति) का गठन किया है। आयोग अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा के नेतृत्व में यह पहल योग को जनजागरण अभियान के रूप में आगे बढ़ाने की दिशा में की गई है। मार्गदर्शक मंडल की पहली बैठक राजधानी रायपुर स्थित सर्किट हाउस में आयोजित हुई, जिसमें पूर्व राज्यपाल श्री रमेश बैस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा, योग भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह वह अद्भुत चिकित्सा प्रणाली है जो व्यक्ति स्वयं के लिए करता है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग का संदेश विश्व मंच पर रखा, तो 145 देशों ने इसे अपनाया, परंतु दुर्भाग्यवश हमारे अपने देशवासी अभी भी इसकी महत्ता को व्यापक रूप से नहीं समझ पा रहे। यह विडंबना है, जिससे मुक्ति के लिए मार्गदर्शक मंडल को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। योग आयोग अध्यक्ष श्री रूपनारायण सिन्हा ने कहा, योग को दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना हमारा ध्येय है। मार्गदर्शक मंडल में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी और समर्पित व्यक्तित्वों की सहभागिता से यह अभियान राज्य के जन-जन तक पहुंचेगा। करो योग, रहो निरोग की अवधारणा को धरातल पर साकार करने हेतु यह समिति प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। बैठक में प्रदेशभर के सांसद, विधायक, समाजसेवी, शिक्षाविद, संत, सेवानिवृत्त अधिकारी और पत्रकार शामिल हुए। जामगांव आर, पाटन, रिसाली, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, कवर्धा, अंतागढ़, चिरमिरी, धमतरी, कोरबा, चांपा, बस्तर, जगदलपुर सहित 20 से अधिक क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली व्यक्तियों को मार्गदर्शक मंडल में नामांकित किया गया। बैठक में योग प्रशिक्षकों की चयन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु नियमावली निर्माण का निर्णय लिया गया। इस कार्य के लिए तीन विशेषज्ञों आईएएस श्री जीआर चुरेंद्र, योग में पीएचडी डॉ. सीएल सोनवानी और वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद श्री आसकरण जैन का सर्वसम्मति से चयन किया गया। मार्गदर्शक मंडल की आगामी बैठक जशपुर में आयोजित की जाएगी, जिसमें गुजरात मॉडल, योग स्टूडियो, स्कूलों में अनिवार्य योग, योग पत्रिका, योग सप्ताह, नवाचार प्रतिस्पर्धा व सम्मान समारोह जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समक्ष मुख्यमंत्री साय का आत्मनिर्भर बस्तर विजन

**रायपुर।** खनिज संपदा उपलब्ध है। विशेषकर स्टील, कोयला, डोलोमाइट और लिथियम जैसे संसाधनों की उपलब्धता के चलते छत्तीसगढ़ औद्योगिक दृष्टि से अग्रणी राज्य बनता जा रहा है। स्टील उत्पादन क्षमता को 28 मिलियन टन से बढ़ाकर 45 मिलियन टन और बिजली उत्पादन को 2030 तक देश में शीर्ष स्थान तक ले जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां लिथियम



ब्लॉक की सफल नीलामी हुई है। यह उपलब्धि ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार द्वारा किए गए 350 से अधिक नीतिगत सुधारों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि जमीन पंजीकरण जैसे कार्य अब केवल 500 रुपये में घर बैठे संभव हो गए हैं। नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में प्ले स्कूल, हॉस्पिटल और कॉलेज खोलने वालों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। 1. छत्तीसगढ़ - ऊर्जा और उद्योग की रीढ़ः मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि छत्तीसगढ़ बिजली, कोयला, स्टील और सीमेंट जैसे संसाधनों के माध्यम से भारत की औद्योगिक नींव को सुदृढ़ करता है। छत्तीसगढ़ की यह विशिष्टता देश के आर्थिक विकास को मजबूत आधार प्रदान करती है। 2. खेती और जंगल - ग्रामीण समृद्धि का आधारः कृषि, मछलीपालन और वनोपज आधारित आजीविका से ग्रामीणों और आदिवासियों की आय और आत्मनिर्भरता बढ़ी है जो आदिवासी और ग्रामीण जीवन की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन को परिलक्षित करता है।



## हाथियों का दल पहुंचा कोरबा-कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर

### लगभग आधे घंटे तक रहा सड़क मार्ग पूरी तरह जाम

**कोरबा ।** कोरबा जिला अंतर्गत कटघोरा-अंबिकापुर मार्ग पर लगभग 10 हाथियों का दल राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा, जिससे आवागमन बाधित रहा। बता दें कि इस समय 55 हाथियों का दल अलग-अलग क्षेत्र में विचरण कर रहा है। एक वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्चों सहित हाथियों का दल इस पार से सड़क पार कर उस पार के जंगल को जाने निकला था। जानकारी होने पर दोनों तरफ से आवागमन रुकवाया गया। दोपहिया से लेकर चार पहिया और भारी वाहनों के पहिये आधे घंटे तक थमे रहे। वहीं लोग इस दृश्य को अपने मोबाइल में भी कैद करते नजर आए।

# एसईसीएल को मिली एक्सीलेंट रेटिंग

**कोरबा ।** कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों की वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए परफॉर्मेंस रेटिंग जारी हो गई है। एसईसीएल ने 90.86 प्रतिशत अंक के साथ एक्सीलेंट रेटिंग हासिल की है। जिससे अधिकारियों को बंपर पीआरपी मिलने की उम्मीद है। एसईसीएल की एक्सीलेंट रेटिंग में कोरबा के खदानों की अहम भूमिका रही है। कंपनी का सर्वाधिक कोयला जिले की खदानों से उत्पादन किया जाता है। लगभग 85 फीसदी से अधिक कोयला कोरबा की मेगा परियोजनाओं से उत्पादन होता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी कोरबा की खदानों से बेहतर कोयला उत्पादन हुआ था। जिसका परिणाम एक्सीलेंट रेटिंग के रूप में मिला है। खास बात यह है कि ईसीएल छोड़कर सभी अनुषंगी कंपनियों की रेटिंग एक्सीलेंट है। पहले नंबर पर सीएमपीडीआईएल और दूसरे नंबर पर बीसीसीएल है। जबकि एसईसीएल आठवें पायदान पर है। डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज की ओर से जारी एमओयू रेटिंग में कोल इंडिया को एक्सीलेंट मिला है। यानी वित्तीय वर्ष-2023-24 में कोयला अधिकारियों को बंपर पीआरपी मिलने के संकेत हैं। कोयला अधिकारियों के पीआरपी में कोल इंडिया और अनुषंगी कंपनियों की रेटिंग का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसके अलावा अन्य फैक्टर भी हैं, जो पीआरपी के निर्धारण में सहायक होते हैं। संकेतों के अनुसार 2022-23 में कोल इंडिया की डीपीई रेटिंग वैरी गुड था। यानी 2023-24 में कम-से-कम 10 प्रतिशत ज्यादा पीआरपी मिलने की संभावना है। एक्सीलेंट रेटिंग वाली अनुषंगी कोयला कंपनियों के अधिकारियों को न्यूनतम ढाई से 15 लाख रुपए तक पीआरपी मिलने की संभावना है।

## भीषण गर्मी में बार-बार गुल हो रही बिजली-लचर आपूर्ति व्यवस्था ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश का पॉवर हब कोरबा की बिजली से प्रदेश ही नहीं, कई अन्य राज्य भी रोशन होते हैं। लेकिन कोरबा में बिजली की आपूर्ति सही तरीके से नहीं हो पा रही है। बार-बार पॉवर कट होने से बत्ती गुल हो रही है। इसका असर लोगों के जनजीवन पर पड़ ही रहा है, कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। इधर छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी के आउटेज रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अप्रैल की पहली तारीख से 20 मई तक कोरबा शहर के अलग-अलग इलाकों में बिजली लगभग 110 बार बंद हुई। यानी औसत हर दिन दो से तीन बार बिजली कटी। हालांकि यह पॉवर कट घोषित नहीं है, बल्कि जितनी बार भी बिजली बंद हुई। उसके अधिकतर कारण तत्कालीक बने। जैसे आकाशीय गरज-चमक के साथ बिजली, आंधी-तूफान और इस बीच हुई बारिश इसके कारण बने। मौसम ने बिजली वितरण में कई बार बाधा उत्पन्न की। गरज-चमक के कारण कई क्षेत्रों में एंश्युलेटर खराब हो गए।

# ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत : रजिस्ट्री की दस नई क्रांतियों पर कार्यशाला आयोजित

## रजिस्ट्री के साथ-साथ अब नामांतरण भी होगा आसान : मंत्री देवांगन







**रायपुर।** शासन द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया में किए गए दस नई क्रांतियों पर आज खैरागढ़ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन रहें। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा है कि शासन व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित हो। इसी उद्देश्य को साकार करने हेतु उन्होंने डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया है, जिससे समस्त प्रक्रियाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित हों और फर्जीवाड़ा जैसी समस्याओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। प्रधानमंत्री जी की इस दूरदर्शी सोच के अनुरूप, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रदेश में ÷रजिस्ट्री की 10 क्रांतियाँ÷ प्रारंभ की गई हैं, जिससे आमजन विशेषकर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों को सीधे लाभ मिलेगा।

पूर्व में रजिस्ट्री और नामांतरण से जुड़ी जो समस्याएं नागरिकों को झेलनी पड़ती थीं, उन्हें दूर करने की दिशा में यह एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा। यह पहल सरलता, पारदर्शिता एवं दक्षता को सुनिश्चित करती है, जिससे नागरिकों को अब अपने भूमि से संबंधित कार्यों के लिए बार-बार दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षण और कार्यशालाएं जनसमुदाय को सशक्त बनाने का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से आम लोगों को न केवल जानकारी मिलती है, बल्कि वे नई व्यवस्थाओं और बदलावों को भी समझ पाते हैं। सांसद श्री संतोष पाण्डेय आज यहां एक विशेष कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ÷कार्यशालाएं केवल जानकारी देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह परिवर्तन का पहला चरण होती हैं। आज की कार्यशाला जनहित के लिए अत्यंत लाभकारी है। श्री पाण्डेय ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए व्यापक सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में बीते वर्षों में निर्णायक बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा, ÷भारतीय दंड संहिता में संशोधन कर उसे न्यायोचित बनाया गया है। वहीं, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना एक ऐतिहासिक निर्णय था, जिससे देश की एकता और अखंडता को बल मिला। डिजिटलीकरण के लाभों का उल्लेख करते हुए सांसद पांडे ने कहा कि इससे सरकारी प्रक्रियाएं तेज और पारदर्शी हुई हैं। रजिस्ट्री प्रक्रिया में शामिल किए गए 10 प्रमुख बिंदुओं को उन्होंने क्रांतिकारी परिवर्तन बताया। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों को जनसामान्य तक पहुंचाने और अधिकतम लोगों को इनका लाभ दिलाने की आवश्यकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री प्रियंका खम्हन ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्री ललित चोपड़ा, श्री भुनेश्वरी देवांगन, श्री दिनेश वर्मा, श्रीमती अरुणा बनाफर, श्रीमती हेमलता मांडवी, जमुना महेश कुर्रे ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजना सराहनीय है। 10 नई क्रांति बहुत अच्छी पहल है। रजिस्ट्री, नामंतरण एवं अन्य समस्याओं का हल निकालने सरकार का बेहतर प्रयास है। सरलीकरण एवं सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आए दिन जनप्रतिनिधियों के पास आमलोग पहुंच कर जमीन से संबंधित विवादों की शिकायत करते है लेकिन अब इन सभी समस्याओं से आम नागरिकों को निजात मिलेगा। कार्यशाला में कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बताया कि 03 मई 2025 को माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी एवं पंजीयन विभाग के मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी की उपस्थिति में ÷रजिस्ट्री में 10 क्रांतियां÷ कार्यक्रम के अन्तर्गत पंजीयन विभाग की 10 जन उपयोगी पहलों का शुभारंभ किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पंजीयन संबंधी सेवाओं का अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल एवं नागरिकों की सुविधा के अनुरूप बनाना है। आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाईन भारमुक्त प्रमाण-पत्र, व्हाट्सअप सूचना सेवा, घर बैठे रजिस्ट्री और स्वतः नामांतरण जैसी सुविधाओं के माध्यम से आम जनता को पंजीयन सेवाओं का लाभ अब कही अधिक सहजता से प्राप्त हो सकेंगे। इन सुधारों से आम नागरिकों को पंजीयन से जुड़े कार्यों हेतु कार्यालयों में बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नही होगी।

## अभिषेक के छक्के से कार का कांच टूटा

**लखनऊ ।** सनराइजर्स हैदराबाद के आक्रामक अभिषेक शर्मा ने यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हुए मुकाबले में आक्रामक पारी खेली। अभिषेक ने एक ऐसा शॉट लगाया कि गेंद सीधे ही एक कार पर जा लगी जिससे उसकी विंडशील्ड टूट गयी। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। ये कार आईपीएल प्रायोजक टाटा की नई कार है जिसे मैदान के बाहर प्रदर्शन के लिए रखा गया था। कार सीमा रेखा से काफी दूर थी पर अभिषेक का शॉट इतना तेज था कि गेंद उस तक पहुंच गयी। मैच के दूसरे ही ओवर में अभिषेक ने भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर हवा में एक बड़ा शॉट खेला जिसके बाद गेंद सीधे उछलकर कार की विंडशील्ड पर लग गयी। इस मैच में हैदराबाद की ओर से अभिषेक और हेड ने तेजी से शुरूआत की। अभिषेक ने इस मैच में 17 गेंदों पर तीन चौके और तीन छक्के लगाकर 34 रन बनाये। वहीं हेड 10 गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हुए।

## हरमनप्रीत की कप्तानी मे एफआईएच हॉकी प्रो लीग में उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

**नई दिल्ली ।** अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड के एम्सटेलीवन और बेल्जियम के एंटवर्प में 7 से 22 जून तक होने वाली एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में उतरेगी। हॉकी इंडिया ने इसके लिए 24 सदस्यीय भारतीय टीम की उपकप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह को दी है। भारतीय टीम अपने यूरोपीय चरण की शुरुआत में सात और नौ जून को नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैचों खेलेंगा। इसके बाद 11 और 12 जून को एम्सटेलवीन में अर्जेंटीना से उसके दो मैच होंगे। भारतीय टीम टीम 14 और 15 जून को एंटवर्प जाएगी और फिर 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ उतरेगी। टीम में दो गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और सूरज करकेरा को शामिल किया गया है। वहीं सुमित, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, कप्तान हरमनप्रीत सिंह,जरमनप्रीत सिंह, संजय और यशदीप सिवाच रक्षा पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## आईपीएल 2025 : सबसे ज्यादा छक्के लगें राशिद खान की गेंदों पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस समय आईपीएल 2025 अपने पूरे शबाब पर हैं, प्लेऑफ की चारों टीमें लगभग तय हो चुकी हैं। यह सीजन बल्लेबाजों के लिए काफी धमाकेदार रहा है। चौकों-छक्कों की बारिश ने गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली, और कई नामी गेंदबाज रन लुटाने में सबसे आगे नजर आए। इस सीजन कुछ गेंदबाज ऐसे रहे, जिन्हें बल्लेबाजों ने निशाना बनाकर सबसे ज्यादा छक्के जड़े। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि टॉप पर अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान का नाम है। राशिद खान ने इस सीजन सबसे ज्यादा 28 छक्के खाए हैं। गुजरात टाइटंस की ओर से खेल रहे राशिद की सबसे

# रोहित-विराट के बगैर भी भारतीय टीम मजबूत

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के दौरे पर अगले महीने जाने वाली है। इसकी खास वजह ये है कि टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं होंगे क्योंकि इन दोनों ही दिग्गज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी के बावजूद भारत मजबूत होगा। भारत के पास बड़ी संख्या में वर्ल्ड क्लास बल्लेबाज हैं। बेन स्टोक्स 20 जून से शुरू होने वाली इस सीरीज में घरेलू टीम की अगुआई करेंगे। दिसंबर में बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी के बाद टीम में वापसी कर रहे 33 साल के स्टोक्स ने कहा कि कोहली के रूप में भारत को मैदान पर कड़ी चुनौती पेश करने वाले और प्रतिस्पर्धात्मक खिलाड़ी की कमी




खलेगी। स्टोक्स ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि भारत के बारे में एक बात यह है कि उनके पास स्तरीय बल्लेबाजों की बड़ी संख्या है, यह अविश्वसनीय है। स्टोक्स ने कहा कि शुरुआती टेस्ट में भारत को दबाव में लाने की जिम्मेदारी उनके गेंदबाजों पर होगी। उन्होंने कहा कि हम हमेशा टेस्ट मैच की शुरुआत में विपक्षी टीम को आउट करने की कोशिश करते हैं और फिर देखते हैं कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, हम कैसे खुद को ढालते हैं। मुझे पता है कि भारत ने दो बड़े संन्यास का सामना करना पड़ा है। वे भारतीय टीम और उनकी सफलता का एक अहम हिस्सा रहे हैं। कोहली की प्रतिस्पर्धी होने की क्षमता ने पिछले कुछ सालों में टीम की सफलता में बहुत योगदान दिया है। स्टोक्स ने आगे कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से मैदान पर उनकी कमी महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को शायद मैच में उनकी मैदान पर कड़ी चुनौती पेश करने की क्षमता, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता, जीतने की इच्छा की कमी खलेगी। उन्होंने नंबर 18 जर्सी को अपना बना लिया है, है ना? स्टोक्स ने कहा कि इसलिए हमने किसी भी भारतीय शर्ट के पीछे नंबर 18 नहीं देखा है। उनके खिलाफ नहीं खेलना निराशाजनक होगा क्योंकि हम दोनों एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं, हम दोनों की मैदान पर एक जैसी मानसिकता होती है।



जिनेवा में सर्बिया के नोवाक जोकाविच सेमी फाइनल में जीत के बाद उत्साहित होते हुए।



इटली में सीरीज ए फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के बाद ट्रॉफी के साथ उत्साहित नेपल्स के खिलाड़ी।

## हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का चेन्नई में होगा आयोजन

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को ऐतिहासिक पहल करते हुए पहली बार आयोजित किए जा रहे हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 के आयोजन की तारीखों और स्थल की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 18 से 27 जून तक चेन्नई में खेला जाएगा और इसका आयोजन तमिलनाडु की हॉकी इकाई द्वारा किया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खेले जाने वाले इस आयोजन का उद्देश्य अनुभवी खिलाड़ियों को दोबारा मैदान पर लौटने का अवसर प्रदान करना है। इस टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, पुरुष खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 40 वर्ष और महिला खिलाड़ियों की न्यूनतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागियों को अपनी-अपनी राज्य हॉकी संघों के माध्यम से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता का आयोजन लीग-कम-नॉकआउट प्रारूप में किया जाएगा और पूल का गठन भाग लेने वाली टीमों की संख्या के अनुसार किया जाएगा। हॉकी इंडिया का यह मास्टर्स कप खेल के प्रति जीवनभर समर्पित खिलाड़ियों को न सिर्फ प्रतिस्पर्धा का मौका देगा, बल्कि उनके अनुभव और जुनून को भी सम्मानित करेगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# चेतेश्वर पुजारा ने चुनी ऑल टाइम इंडिया टेस्ट इलेवन

## द्रविड़ और बुमराह को दी खास जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने हाल ही में अपनी ऑल टाइम इंडिया टेस्ट इलेवन का ऐलान किया है। पुजारा ने इस टीम में देश के दिग्गज क्रिकेटरों को शामिल किया है, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में ऐतिहासिक प्रदर्शन किए हैं। उन्होंने यह टीम एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान साझा की। ओपनिंग के लिए पुजारा ने सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग को चुना है। उन्होंने कहा कि दोनों का खेल एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत है गावस्कर शांत और संयमित, जबकि सहवाग आक्रामक और बेखौफ बल्लेबाज। नंबर तीन पर पुजारा ने खुद को नहीं, बल्कि राहुल द्रविड़ को रखा और यह स्वीकार



किया कि द्रविड़ उनसे बेहतर खिलाड़ी रहे हैं। द्रविड़ को उन्होंने भारतीय क्रिकेट की दीवार बताते हुए सम्मान दिया। मिडिल ऑर्डर में चौथे नंबर पर सचिन तेंदुलकर, पांचवें पर विराट कोहली और छठे पर वीवीएस लक्ष्मण को रखा गया है। पुजारा ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों की स्थिति उनके डेब्यू क्रम के आधार पर तय की है। उन्होंने लक्ष्मण की भूमिका को 'कम सराहे गए लेकिन अहम' बताया। गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो पुजारा ने दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों को शामिल किया है। स्पिन विभाग में अनिल कुंबले और आर अश्विन को चुना गया, जबकि तेज गेंदबाजी के लिए कपिल देव, जहीर खान और जसप्रीत बुमराह को जगह दी गई। बुमराह का चयन थोड़ा चौंकाने वाला था, क्योंकि उन्होंने अभी तक केवल 45 टेस्ट खेले हैं, लेकिन पुजारा का मानना है कि वे ऑल टाइम ग्रेट्स में गिने जा सकते हैं। विकेटकीपर के तौर पर पुजारा ने राहुल द्रविड़ का नाम लिया ताकि उन्हें एक अतिरिक्त खिलाड़ी शामिल करने का विकल्प मिल सके। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी विशेषज्ञ की बात करें, तो वह एमएस धोनी को चुनते। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भविष्य में ऋषभ पंत इस स्थान के प्रबल दावेदार हो सकते हैं। इस तरह पुजारा की यह टेस्ट इलेवन अनुभवी और आधुनिक सितारों का संतुलित मिश्रण है। चेतेश्वर पुजारा ऑल टाइम टेस्ट इलेवन - सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग,विराट कोहली, वीवीएस लक्ष्मण, आर अश्विन, कपिल देव, अनिल कुंबले, जहीर खान, जसप्रीत बुमराह

## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए श्रेयस और सरफराज को जगह नहीं मिलने से प्रशंसक हैरान

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। इस टीम में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी श्रेयस अय्यर सहित इन खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया है। श्रेयस अभी आईपीएल में पंजाब किंग्स के कप्तान हैं और उन्होंने इस सत्र में काफी रन बनाये हैं। उन्होंने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी के 5 मैचों में 68.57 की औसत से 480 रन बनाए थे। टीम में वापसी के बाद से ही श्रेयस ने जिस प्रकार चैम्पियंस ट्रॉफी सहित सभी टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन किया उससे माना जा रहा था कि उन्हें टेस्ट टीम में जगह मिलेगी पर ऐसा नहीं हुआ। इससे श्रेयस के प्रशंसक निराश होने के साथ ही हैरान हैं। वहीं बल्लेबाज सरफराज खान ने भी घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं। अब तक जो भी टेस्ट उन्हें खेलने मिले हैं ।

## गौरव सक्सेना की प्रेरणादायक उड़ान



डिजिटल कंटेंट की बढ़ती दुनिया में, एक नाम जो लगातार पहचान बना रहा है वह है गौरव सक्सेना। युगांडा में बसे एक बहुआयामी उद्यमी, गौरव न केवल एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी का संचालन कर रहे हैं जिसमें 1000 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, बल्कि साथ ही वह एक सफल यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर के रूप में भी उभर रहे हैं। उनका यूट्यूब चैनल Beyond -z Gauravv Sa&ena दर्शकों को दुनियाभर की संस्कृतियों, अनदेखे ट्रैवल डेस्टिनेशन्स और प्रेरणादायक अनुभवों की झलक देता है।

## दीपशिखा नागपाल की एडवेंचर ट्रिप



अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल को बस कुछ ही दिन मिलें और वो निकल पड़ती हैं एक नए रोमांचक और एडवेंचरस सफर पर। इस बार उन्होंने जिम कॉर्बेट और ऋषिकेश को चुना और वहां का अनुभव उनके लिए बेहद खास रहा। दीपशिखा बताती हैं कि उन्हें अपने काम से प्यार है, लेकिन इस तरह की छुट्टियों की उन्हें बहुत जरूरत होती है।वो बताती हैं, जैसे ही मुझे पता चला कि 'इश्क जबरिया' में मेरा ट्रैक खत्म हो गया है, अगली सुबह ही मैं निकल गई। मेरी दोस्त ऋशीना, जो एक वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर हैं, हमेशा मुझसे कहती थीं, 'जंगल चलो,' और मैं कहती थी, 'शूट छोड़कर कैसे जाऊं।' जैसे ही शूट खत्म हुआ और उन्हें जिम कॉर्बेट जाना था, मैंने कहा, 'मैं भी चल रही हूं।' मैं ऋषिकेश भी जाना चाहती थी, तो दोनों जगहों का प्लान बन गया।

## चायवाला बन गए अभिषेक



ज़ी टीवी के 'जमाई नं. 1' में हाल ही में एक दिल छू जाने वाला मोड़ देखने को मिला, जब नील यानी अभिषेक मलिक अपनी ऑनस्क्रीन पत्नी रिद्धि (सिमरन कौर) को मनाने के लिए चायवाले का रूप अपनाता है। पुराने ज़माने की टपरी डेट को फिर से जीते हुए नील, चायवाले की तरह तैयार होकर रिद्धि को खुद अपने हाथों से गरमा-गरम चाय परोसता है, जहां एक आम-सी दिखने वाली चाय, प्यार और यादों की सबसे खास निशानी बन जाती है। लेकिन इस दिन को सचमुच खास बना दिया उन पलों ने, जो कैमरे के पीछे घटे!अभिषेक मलिक ने इस सीन को सिर्फ एक्टिंग तक सीमित नहीं रखा, बल्कि ऑफस्क्रीन भी चायवाले की भूमिका में पूरी तरह उतर गए। उन्हें चाय बनानी तक नहीं आती थी, लेकिन उन्होंने सेट पर पूरी यूनिट के लिए चाय बनाने की ज़िम्मेदारी खुद उठाई। स्पॉट बॉयज़ और किचन टीम की मदद से उन्होंने झटपट सीखा और फिर शॉट्स के बीच चाय सर्व करने निकल पड़े।

## शिल्पा शिरोडकर के बाद एक्ट्रेस निकिता दत्ता को हुआ कोरोना



बॉलीवुड अभिनेत्री निकिता दत्ता और उनकी मां कोरोना पॉजिटिव पाई गई हैं। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है। फिलहाल निकिता घर पर क्वारैंटाइन हैं और उन्हें हल्के लक्षण हैं। उन्होंने अपने सभी काम फिलहाल के लिए रोक दिए हैं। निकिता दत्ता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, कोविड ने मुझसे और मेरी मां से हेलो कह दिया है। उम्मीद है ये अनचाहा मेहमान ज्यादा दिन नहीं रहेगा। इस छोटे से क्वारैंटाइन के बाद मिलते हैं। सभी लोग सुरक्षित रहें। निकिता हाल ही में फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आई थीं। उन्होंने इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड ड्रीम पूरा होने की बात भी कही थी। उन्होंने कहा था, सिद्धार्थ आनंद की दुनिया का हिस्सा बनना मेरे लिए बड़ी बात है। इस फिल्म ने मुझे क्लासिक बॉलीवुड हीरोइन वाली फीलिंग दी है। सिर्फ डांस करने की बात नहीं है, बल्कि एक्ट्रेस जैसा फील करने का मौका मिला।

## माहुआ के किरदार को जीवंत कर दिया रश्मि ने

जब कोई एक्टर अपना किरदार इतनी खूबसूरती से निभा ले कि उनका खुद का परिवार भी उन्हें छेड़ने लगे, तो समझिए उन्होंने एक्टिंग में जान डाल दी है। कुछ ऐसा ही हो रहा है रश्मि गुप्ता के साथ, जो सन नियो के शो रिश्तों से बंधी गौरी में माहुआ का निगेटिव रोल निभा रही हैं। माहुआ के किरदार को उन्होंने इस कदर जीवंत कर दिया है कि घरवाले भी अब मज़ाक में उनसे डरने लगे हैं। रश्मि शर्मा कहती हैं,माहुआ ने घर में उथल-पुथल मचा रखी है। वो बुंदेला परिवार की सबसे बड़ी दुश्मन बन चुकी है और रोज़ कोई न कोई ड्रामा कर रही होती है। चूंकि ये डेली शो है, तो विलेन को भी वक्त-वक्त पर हारना पड़ता है, वरना मज़ा नहीं आता। अब जब वीरेंद्र लौट आया है, तो यह देखना दिलचस्प होगा कि वो खुद आया है या किसी ने उसे वापस लाया है।



## सृष्टि लेकर आयी मोना की मनोहर कहानियां'




हाल ही मे 'हंगामा ओटीटी' पर नई ओरिजनल सीरीज 'मोना की मनोहर कहानियां' के रिलीज हुई, यह एक मर्डर की पहेली के इर्द-गिर्द बुनी गई यह सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है जो दर्शकों को शक, सच के साथ हेर-फेर करने और धोखे से भरी दुनिया में ले जाती है। 'मोना की मनोहर कहानियां' की कहानी इंटेरोगेशन रूम (पूछताछ कक्ष) की चार-दीवारी में ही सिमटी है। यह सीरीज इंस्पेक्टर पवन (अंकुर नैय्यर) की मोना (सृष्टि रोडे) से की जाने वाली पूछताछ पर केंद्रित है। एक मर्डर के मामले में सबसे ज़्यादा शक के घेरे में मोना ही है। मोना की कहानी सच और झूठ के बीच झूलती है। एक सामान्य पूछताछ जल्द ही एक बड़े अपराध की ओर ले जाती है। मोना जो भी कहानी सुनाती है उसे सुनकर पवन एक अजीब-सी साइकोलॉजिकल भूलभुलैया में फंसने लगता है। पवन यह तय नहीं कर पाता है कि मोना ही खूनी है या फिर वह कोई खेल खेल रही है।

## रोहित सराफ ने नए प्रोजेक्ट की दी झलक

अभिनेता रोहित सराफ की लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट ने उनके फैन्स को 'आगे कुआं, पीछे खाई' जैसी स्थिति में डाल दिया है। एक तरफ जहां फैन्स उन्हें दोबारा सेट पर देखकर और उनके करियर अपडेट का इंतजार करते हुए बेहद खुश हैं, वहीं दूसरी तरफ वे यह अंदाजा नहीं लगा पाने से परेशान हैं कि आखिर रोहित किस प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रहे हैं।

'चॉकलेट बॉय' से हंक बन चुके रोहित ने सोशल मीडिया पर अपनी एक शर्टलेस सेल्फी पोस्ट की है, जिसमें वह घायल, थके हुए और खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। उनके माथे पर नकली खून लगा है और दोनों बाजुओं पर चोट के निशान हैं, जिससे लग रहा है कि वे किसी हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे हैं।



## 'बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन' अब 100 एपिसोड्स क्लब में



शो बड़ी हवेली की छोटी ठकुराईन ने हाल ही में अपने 100 एपिसोड पूरे कर लिए हैं और सेट पर इस मौके को बड़े ही जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। एक अनोखी और दिलचस्प कहानी के साथ शुरू हुआ यह शो दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना चुका है। इस खास मौके पर पूरी कास्ट और क्रू ने मिलकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।

यह शो पारंपरिक सास-बहू ड्रामों से हटकर दो मजबूत महिला किरदारों की कहानी बयां करता है। एक ओर चालाक और महत्वाकांक्षी जेठानी चमकीली, एक नौकरानी से जेठानी चुकी है, लेकिन उसका सपना हवेली की मालकिन बनने का है वहीं सीधी-सादी और समझदार देवरानी चैना, छोटी ठकुराईन बनकर हवेली को बचाने और परिवार को जोड़कर रखने की कोशिश में जुटी रहती हैं।

## नरेला विधानसभा में राष्ट्रीय सहयोग विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन




**भोपाल।** युवा कल्याण कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग की अध्यक्षता में शुक्रवार को एक राष्ट्र, एक चुनाव अभियान के तहत नरेला विधानसभा में राष्ट्र सहयोग विचार एवं परामर्श सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान मंत्री श्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का एक राष्ट्र, एक चुनाव का दृष्टिकोण पूरे देश में अपार जनसमर्थन मिल रहा है। यह दर्शन देश के समृद्ध लोकतंत्र और विकसित भारत के निर्माण में मीलों का पत्थर साबित होगा। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि एक विधानसभा और लोकसभा में वोटिंग, तीन और अन्य तीन प्रक्रियाएं मध्य और राज्य के बीच संचयन के साथ संपन्न होती हैं, जो राष्ट्रीय नीति के विशेषज्ञों में तेजी से बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय नेताओं और सरकारी अधिकारियों को भी अपने नियमित रोजगार के साथ-साथ बेरोजगारों को सहायक के रूप में सहायता प्राप्त होती है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव के माध्यम से भारत नई सोच, नई नीतियों और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ा रहा है। लोकतंत्र, शासन में सत्ता, और नागरिक भागीदारी में स्वायत्तता। सम्मेलन में मंडल अध्यक्ष भोपाल श्रीमती मालती राय, जिला उपाध्यक्ष श्री सूर्यकांत गुप्ता, समस्त अध्यक्ष, महासभा सहित बड़ी संख्या में नरेला विधान सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

## नकाबपोश बदमाशो ने सीए के ऑफिस और वृद्धा के मकान पर बोला धावा

**भोपाल।** हबीबगंज थाना इलाके में स्थित अरेरा कॉलोनी में नकाबपोश चोर गिरोह ने दो वारदातों को अंजाम दिया है। बदमाशो ने पहले एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के ऑफिस पर धावा बोला, लेकिन यहां कीमती माल हाथ नहीं लगने पर कॉलोनी में रहने वाली एक 80 वर्षीय महिला के घर को निशाना बना डाला। यहां से आरोपी सोने-चांदी के जेवरात नगदी सहित दो लाख से अधिक का माल बटोरकर चपंत हो गए। पुलिस को बदमाशो के सीसीटीवी फुटेज हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर पुलिस उनकी पहचान जुटाने के प्रयास कर रही है। थाना पुलिस के अनुसार बदमाश सबसे पहले अरेरा ई-4 स्थित एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के ऑफिस का ताला तोड़कर भीतर घुसे लेकिन तलाशी लेने पर जब यहाँ उन्हें कोई कीमती माल नहीं मिला तब उन्होंने पास ही रहने वाली 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला के मकान का ताला चटका दिया और घर में घुसकर जेवरात समेटकर ले गये। नंदकिशोर अहिरवार ने बताया कि वह ई-4 अरेरा कॉलोनी के एक घर में 80 साल की बुजुर्ग महिला के केयर टेकर है। वृद्धा के पति प्रिंसिपल के पद से रिटायर हुए थे, और उनका देहांत हो चुका है जबकि उनके बच्चे बंगलौर में किसी आईटी कंपनी में काम करते है, और वहीं रहते है। वह यहां अकेली रहती है। शुक्रवार- शनिवार की देर रात करीब तीन बजे 4-5 बदमाश उनके घर में घुस गए। महिला के घर से आरोपी दो लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवर और नकदी लेकर फरार हो गए। जॉच के दौरान घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है, फुटेज में पांच बदमाशों का गिरोह वारदात को अंजाम देता कैद हुआ है। सभी बदमाशो ने अपने चेहरे ढंक रखे हैं। इनमें से एक बदमाश के हाथ में एक नुकिला औजार भी नजर आ रहा है, पुलिस का अनुमान है कि यह औजार दरवाजे और अलमारी के लॉकर तोड़ने वाली लोहे की रॉड हो सकती है। पुलिस ने महिला के केयरटेकर नंदकिशोर अहिरवार की शिकायत पर फिलहाल अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मामला कायम कर फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान जुटाने की कोशिश में जुटी है।

## आरपीएफ ने झारखंड के दो मूकबधिर बच्चों का रेस्क्यू किया

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल लगातार द्वारा स्टेशनों पर ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते चलाते हुए भटके हुए बच्चों का रेस्क्यू कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएएफ के सहायक उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह को गश्त के दौरान संदेह होने पर झारखंड के दो नाबालिक मूकबधिर बच्चों का रेस्क्यू किया है। बताया गया है कि प्लेटफॉर्म पर खड़ी गोरखपुर-हैदराबाद एक्सप्रेस के जनरल कोच की जांच के दौरान टीम को दो मूकबधिर किशोर सदिंग्ध हालत में दरवाजे के पास बैठे नजर आये थे। अन्य यात्रियों से पूछताछ करने पर उनके संबध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद दोनों बच्चों को विश्वास में लेकर आरपीएफ पोस्ट, भोपाल लाया गया। आरपीएफ पोस्ट में दोनों बच्चों ने इशारों के जरिये से फोन करने की बात कही। इसके बाद उनके परिजनों से संपर्क हो सका। बाद में पता चला की दोनों किशोर प्रवीण कुमार, (14) और सावन कुमार(17) झारखंड राज्य के देवघर जिले के रहने वाले हैं और 16 मई 2025 से लापता थे। उनकी स्थानीय थाना कुंडा एवं थाना जसडीह में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों द्वारा उनके परिजनों को सूचित किया गया कि उनके बच्चे भोपाल स्टेशन पर सुरक्षित पाए गए हैं। वहीं दोनो किशोरो को मेडिकल चेकअप के लिये जेपी अस्पताल ले जाया गया, उसके बाद उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर दोनों को एसओएस बालग्राम में भेजा गया है।

## मछली अच्छी नहीं पकने पर हो गया पत्नी से विवाद, गुस्साये वृद्व पति ने लगा ली फांसी

**भोपाल।** बजरिया थाना इलाके में स्थित बापू कॉलोनी में रहने वाले 70 साल के वृद्व ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है खुदकुशी से पहले मछली अच्छी नहीं पकने के कारण उन्होंने पत्नि से दाल बनाने को कहा इसी बात पर पत्नि से उनका विवाद हो गया था। पुलिस के अनुसार मूलरूप से महाराष्ट्र निवासी 70 वर्षीय तुलसीराम दीपके बीते करीब 50 साल से भोपाल में ही किराए के मकान में रह रहे थे। उनके तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा महाराष्ट्र में ही रहता है, वहीं मंझला बेटा हैदराबाद में रहकर काम करता है। और छोटा बेटा इन दिनो भोपाल में ही सुभाष नगर में चल रही साइट पर काम करते हुए वहीं पर रहता है। तुलसीराम यहां अपनी 60 साल की पत्नी उजेला दीपके के साथ किराए से रहते थे। वह वृद्व होने के बाद भी पत्नी के साथ मजदूरी करने जाते थे। उन्हें शराब पीने की लत थी।

ऑपरेशन सिन्दूर की ऐतिहासिक सफलता पर विजय प्राप्त हुई नरेला विधानसभा क्षेत्र

# मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में विशाल ध्वज यात्रा





**भोपाल ।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में नरेला विधानसभा क्षेत्र में विशाल रथयात्रा निकाली गई । ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर सेना के सम्मान में शनिवार को नरेला विधानसभा के 4 मंडलों में नागरिकों ने एक साथ तीरंदाज यात्रा निकाली।

मुख्य ध्वज यात्रा राजधानी के अशोका गार्डन दशहरा मैदान से शुरू हुई , जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक , सामाजिक धार्मिक प्रतिनिधि , युवा वर्ग और महिलाएं शामिल थीं। इस अवसर पर मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि झंडा केवल एक ध्वज नहीं है , बल्कि यह भारत की एकता , संकल्प और शक्ति का प्रतीक है। यह यात्रा हमारी सेना के वीर जवानों को समर्पित है , देश के दुश्मनों को उनके ही घर में घुसकर नेस्तानाबूद कर दिया। यात्रा के दौरान भारत माता के जयकारों और वंदे मातरम के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। हिंदुओं पर हाथ में झंडा थामे चल रहे युवाओं के उत्साह ने पूरे माहौल को देश से सराबोर कर दिया।

### ऑपरेशन सिन्दूर नये भारत के दृढ़ संकल्प का प्रतीक

यात्रा के दौरान मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी ही धरती करारा को जवाब दिया है। ऑपरेशन सिन्दूर नये भारत की दृढ़ता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादी आतंक के अड्डे को नष्ट कर दिया है। यह ऑपरेशन सिद्ध करता है कि आज भारत में आतंकवाद के खिलाफ़ कार्रवाई करना संभव नहीं है।

### नारेला हुई तानाशाही , गूंजे भारत माता के जयकारे

नरेला क्षेत्र के सम्राट अशोक , इंटरमीडिएट सुभाष , स्टेशन और महामाई मंडल के साथ एक रथ यात्रा निकली। इन टिकटों में हजारों की संख्या में आम नागरिक , सामाजिक प्रतिनिधि, युवा शामिल थे। लोग मोहल्लों और चट्टानों में अलग-अलग रंग-बिरंगे स्थान पाए जाते हैं। यहां बड़ी संख्या में युवा हाथों में नारा थामे भारत माता की जय' और ' वंदे मातरम ' के साथ नारियों के देश में रंगे नजर आए।

### ध्वज यात्रा का पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत

मंत्री श्री सारंग के नेतृत्व में मुख्य ध्वजारोहण अशोका गार्डन दशहरा मैदान से प्रारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न प्रतिमाओं से होते हुए परिहार अधिसूचना जारी की गई।

यहां ढोल नगाड़ों के साथ हर ओर देश के जयकारे गूंज रहे थे। टूर का नागरिक ने भारी पुष्पवर्षा कर स्मारक का स्वागत किया। इस अवसर पर भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय , भाजपा जिला अध्यक्ष श्री व्लादियुर्ति राय , संयुक्तजन सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

आजादी के बाद पहली बार सीधे किसानों तक पहुंचने की सरकार की बड़ी कवायद

# कृषि अनुसंधान के लिए मोदी सरकार में फंड की कमी नहीं आएगी : केंद्रीय मंत्री श्री चौहान







**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अगुवाई में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में है। 29 मई को श्री जगन्नाथ की पावन धरती पुरी, ओडिशा से इस व्यापक अभियान का शुभारंभ होगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का पूरा अमला राज्यों के सहयोग से इसकी तैयारियों में जुटा हुआ है। आज इसी कड़ी में श्री शिवराज सिंह चौहान ने पूसा कैंपस स्थित सुब्रहमण्यम हॉल में देशभर के कृषि वैज्ञानिकों से संवाद किया। इस अवसर पर कृषि सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सभी 113 संस्थानों, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के साथ ही देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्रों व केंद्र-राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों-प्राध्यापकों ने बड़ी संख्या में सभागार में उपस्थित रहकर और वर्चुअल माध्यम से जुड़कर इस संवाद कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यहां केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं सत्ता के सुख के लिए कृषि मंत्री नहीं बना हूं, बल्कि किसानों की सेवा के लिए, उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत घटाने, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने, देश में अन्न के भंडार भरने और भावी पीढ़ी के कृषि संबंधित हितों की रक्षा के लिए ही मेरा जीवन समर्पित है। श्री चौहान ने कहा कि उर्वरक का संतुलित प्रयोग, स्थानीय परिस्थिति, सही शोध जानकारी होने और अच्छे बीजों से किसान को उत्पादकता बढ़ाने में निश्चित तौर पर मदद मिल सकती है। श्री चौहान ने कृषि वैज्ञानिकों, विभाग का अमला और किसान को जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि इस अभियान के जरिए इसे पूरा करते हुए किसानों से जुड़ने की एक बड़ी कोशिश होने जा रही है। उन्होंने कहा कि खेती हृदय और लगाव का विषय है। खेती को जिया जाता है। मेरी हर सांस में खेती और रोम-रोम में किसान बसे हैं।

फसल के अच्छे व खराब होने पर भावनाएं जुड़ जाती हैं। श्री चौहान ने कहा कि सरकार की पूरी कोशिश कृषि अनुसंधान को आगे बढ़ाने की है। शोध और अनुसंधान के लिए हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फंड की कमी नहीं होने देंगे। श्री शिवराज सिंह ने यह भी कहा कि यह अभियान परिणामोन्मुख कार्यक्रम है, जिसका परिणाम इसी खरीफ सीजन में उत्पादन वृद्धि और उत्पादन लागत में कमी के रूप में जल्द ही हमारे सामने होगा। श्री चौहान ने देश के वैज्ञानिकों से अपनी शोध क्षमता को वैश्विक स्तर पर सिद्ध करने की भी अपील की।

उन्होंने कहा कि हमारे कृषि संस्थानों में वो ताकत है, जिसका लोहा पूरी दुनिया मानेगी। श्री चौहान ने वैज्ञानिकों के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि इस अभियान के पूरा होने के बाद देश, वैज्ञानिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेगा।यह अभियान 29 मई से 12 जून तक देशव्यापी स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें वैज्ञानिकों की टीमें गांव-गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद करेगी। इस अभियान में 731 कृषि विज्ञान केंद्रों (चड्ढ्य) और ढ्ढष्टक्र के 113 संस्थानों के वैज्ञानिक-विशेषज्ञ तथा राज्यों और अन्य कृषि विभाग का अमला भी शामिल रहेंगे। यह अभियान 700 से ज्यादा जिलों में आयोजित किया जाएगा। साथ ही इसमें कृषि, बागवानी, पशुपालन, मछली पालन आदि विभागों के अधिकारी, वैज्ञानिक एवं नवोन्मेषी किसान भी शामिल रहेंगे। अभियान का लक्ष्य 1.5 करोड़ किसानों से सीधा संवाद करना है।

क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी 2025 का भव्य उद्घाटन

# भारतीय हस्तशिल्प के महानायक से गुलजार हुआ इंदौर, यूनेस्को के कलाकारों को मिला साझा मंच

**डोनर**। भारतीय कला एवं शिल्प की गरिमा को समर्पित क्राफ्टरूट्स प्रदर्शनी 2025 का शुभारंभ रविवार को इंदौर केबॉल कॉलेज , रेसकोर्स रोड पर हुआ। यह भव्य प्रदर्शनी 22 से 26 मई तक प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से रात 9:00 बजे तक आम जन के लिए खुली रहेगी। उद्घाटन समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल , पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन , स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. क्राफ्टरूट्स की संस्था के अध्यक्ष वैद्य कुमार खरीवाल , सीईओ अनिल छतवाल और कलास्तम्भ के निदेशक पुतिन सोनी मंच पर उपस्थित रहे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा- भारतीय ग्राम संस्कृति और हस्तकला हमारी



आत्मा हैं। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कलाकारों को नई पहचान मिलती है , बल्कि देशों की सांस्कृतिक विविधताएं भी सामने आती हैं। पूर्व विपक्ष अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा- जब आनंदीबेन जी शिक्षा मंत्री थीं , तब उनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। ग्रामश्री और क्राफ्टरूट्स की शुरुआत अद्भुत है। जिस तरह से कलाकारों को पूरे सुपरमार्केट में मंच मिल रहा है , वह अतुलनीय है। क्राफ्टरूट्स संस्था , जिसके अंतर्गत 22 राज्यों के 35,000 से अधिक कलाकृतियाँ जुड़ी हुई हैं , इस प्रदर्शनी के माध्यम से 70 से अधिक विशिष्ट शिल्पों को एक ही छत के नीचे ला रही है। पिचवाई पेंटिंग (राजस्थान) , अंधुल पैटपिक्चर (पश्चिम बंगाल) , आल्टा क्राफ्ट जैसी कला विधाएं यहां लाइव प्रदर्शन के साथ दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं। संस्था की संस्था पिका अनारा पटेल ने कहा- हमारा उद्देश्य भारतीय कलाकारों की कला को वैश्विक मंच देना है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था से जुड़ने के बाद कई कलाकारों की आय में वृद्धि हुई है और उन्हें नई मिल गई है। कलास्तंभ के निदेशक पीटर सोनी ने कहा- आज के समय में कलाकारों को सिर्फ कलाकार नहीं , बल्कि रचनाकार भी बनना चाहते हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से वे अपनी कला को दुनिया तक पहुंचा सकते हैं और एक विशिष्ट पहचान बना सकते हैं। अंत में क्राफ्टरूट्स के सीईओ अनिल छतवाल ने सभी कलाकृतियों , शिल्प प्रेमियों और कलाकारों के सामूहिक व्यक्तित्व का प्रदर्शन करते हुए कहा कि , यह आयोजन सिर्फ एक प्रदर्शनी नहीं है , बल्कि कलाकारों की मेहनत और हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में रेस्तरां सहित अन्य शहरों के डिजाइनर , आर्ट लवर्स , किशोर औद्योगिक पेशेवर और छात्रों की भागीदारी का आकलन किया जा रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com